26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 4 अक्टूबर, 2026

अंक- 341 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज कराने की टेंशन होगी खत्म

### यूपी में 238 जगहों पर स्टेशन को मंजूरी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की चार्जिंग की टेंशन खत्म होने वाली है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रदेश में 238 स्थानों पर नए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की मंजूरी दे दी गई है। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत यूपी रिन्यूएबल एनर्जी डवलपमेंट एजेंसी (यूपीआईवी) चार्जिंग स्टेशन विकसित कर रहा है। योजना के मौजूदा चरण में 238 स्थान स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 99 स्थानों के लिए समझौता ज्ञापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि 139 स्थानों पर समझौता ज्ञापन लंबित है। एनसीआर में गौतमबुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में 39, गाजियाबाद में 6 और मेरठ में 35 स्थान चार्जिंग स्टेशन होंगे। गैर-एनसीआर क्षेत्र में आगरा 21, प्रयागराज 13, गोरखपुर 32, कानपुर 12, कानपुर देहात 2, लखनऊ 36, मथुरा 14 और वाराणसी 28 स्थान प्रस्तावित हैं। कुल 238 स्वीकृत स्थानों में 99 पर समझौता ज्ञापन हो चुके हैं। चार्जिंग स्टेशन लगाने के दूसरे चरण में एनसीआर के आठ जिलों और माल परिवहन गलियारे को ध्यान में रखते हुए कुल 1,500 स्थानों का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नगर निगमों, यूपी रोडवेज, परिवहन विभाग, विद्युत वितरण कंपनियों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों समेत विभिन्न विभागों के स्थान शामिल हैं।

# यूपी 5वां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य- योगी

## 2017 के पहले नहीं थीं बुनियादी सुविधाएं और अवसर

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि भदोही का हुनर पहले अपनी राह तलाशता था, लेकिन आज सरकार उसके लिए विकास, बाजार और अवसर के नए द्वार खोल रही है। प्रदेश का निर्यात पिछले 10 वर्ष में लगभग 2.27 गुना बढ़कर 2 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश देश का 5वां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है। इस निर्यात में भदोही के कालीन का बड़ा योगदान है।



### यूपी के हुनर का लोहा मनवा रहा भदोही का कालीन

सीएम ने लिखा, जिन हाथों ने अपने हुनर से भदोही के कालीन को दुनिया तक पहुंचाया, वर्ष 2017 से पहले वही हाथ बुनियादी सुविधाओं और अवसरों के लिए प्रतीक्षा करते रहे। आज डबल इंजन सरकार में वही हुनर विकास और वैश्विक बाजार से जुड़ रहा है। हाथ से बने भदोही के कालीनों की मांग आज दुनिया में सबसे अधिक है, जो वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश के हुनर का लोहा मनवा रहे हैं।

### निर्यातकों, विक्रेताओं एवं उद्यमियों से संवाद

मुख्यमंत्री ने बताया कि वह आज एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय हस्तनिर्मित कालीन व्यापार मेले इंडिया कारपेट एक्सपो के स्वर्ण जयंती संस्करण का शुभारंभ कर कालीन उद्योग के निर्यातकों, विक्रेताओं एवं उद्यमियों से संवाद करेंगे। कारीगर के हाथ को सम्मान, उद्यम को विस्तार, युवाओं को रोजगार और भदोही को समृद्धि, यही नए उत्तर प्रदेश में विरासत और विकास के संगम की नई पहचान है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि इस अवसर पर भदोही, औराई एवं ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्रों को 1,340 करोड़ रुपये से अधिक की 112 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी।

## दिवाली से पहले मिलेगा बढ़ा डीए-बोनस

योगी आदित्यनाथ सरकार दिवाली से पहले यूपी के राज्य कर्मचारियों को बढ़ा डीए (महंगाई भत्ता) और बोनस देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए वित्त विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक 3400 से 7000 रुपये तक के बोनस का ऐलान किया जा सकता है। बोनस का लाभ अराजपत्रित कर्मचारियों को दिया जाता है। वहीं, वित्त विभाग सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत भी देने की तैयारी कर रहा है। यह बढ़ोतरी जुलाई से लागू होगी। इससे प्रदेश के 12 लाख से अधिक राज्य कर्मचारियों और 6 लाख से अधिक पेंशनरों यानी कुल 18 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

### आउटसोर्स कर्मचारियों को भी मिलेगी मानदेय की सौगात

**योगी सरकार विभिन्न विभागों में आउटसोर्स पर काम कर रहे करीब 2.70 लाख कर्मचारियों को भी दिवाली से पहले बढ़ा मानदेय देने की तैयारी में है। उम्मीद जताई जा रही है कि कर्मचारियों को सितंबर से बढ़ी दर पर मानदेय दिया जाएगा। ऐसे में अक्टूबर का बढ़ा वेतन, जो नवंबर में कर्मचारियों को दिया जाएगा, उसमें सितंबर को एरियर भी हो सकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए पिछले 2 सितंबर को कई ऐलान किए थे। उस दिन उन्होंने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ करने के साथ ही यूपीकॉस के पोर्टल और वेबसाइट की लॉन्चिंग और इसके लोगो का अनावरण भी किया था।**

## भारत-नेपाल सीमा पर कैसीनो के जरिए बड़ा हवाला नेटवर्क सक्रिय

महाराजगंज (एजेंसी/चिंगारी)। भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के भैरहवा क्षेत्र में संचालित कैसीनो इन दिनों वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध लेनदेन का गढ़ बनते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, सीमावर्ती क्षेत्रों के कैसीनो में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर हवाला कारोबार का नेटवर्क सक्रिय है, जिसके तार सीधे तौर पर सोने की तस्करी से भी जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। दावा है कि नौतनवा, सोनौली और आसपास के सीमावर्ती इलाकों के कुछ बिचौलिए इन कैसीनो में पहुंचकर अवैध वित्तीय लेनदेन की मध्यस्थता कर रहे हैं। ये लोग भारतीय बैंक खातों के जरिए नेपाल में करोड़ों रुपये मंगाते हैं और कैसीनो में जुआ खेलने वाले खिलाड़ियों को नकदी उपलब्ध कराते हैं। इसके बदले इन्हें लगभग दो प्रतिशत का मोटा कमीशन मिलता है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने रविवार को बताया कि इस तरह के मामले की जानकारी नहीं है द्य इसकी जांच के बाद हकीकत के बारे में जानकारी हो सकेगीद्य सूत्रों के मुताबिक, एक-एक कैसीनो में लगभग आठ से 10 लोगों का गिरोह इस कारोबार को संचालित कर रहा है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई व्यक्ति 50 लाख रुपये जमा करता है, तो इस नेटवर्क के जरिए करीब 25 लाख रुपये की रकम खिलाड़ियों को खेलने के लिए तुरंत उपलब्ध करा दी जाती है।

## नवरात्र-दिवाली में 'भारत टैक्सी' आसान करेगी यूपी का सफ़र

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। नवरात्र में मंदिर जाना हो, दिवाली पर बाजार से खरीदारी करनी हो या रेलवे स्टेशन और बस अड्डे तक पहुंचना हो, उत्तर प्रदेश के कई और शहरों में जल्द मोबाइल से टैक्सी बुक कर सफर करने की सुविधा मिलने वाली है।**

लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज के बाद अब 'भारत टैक्सी' के पहिए प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों की ओर बढ़ रहे हैं। त्योहारों पर प्रदेश की जनता को योगी सरकार बड़ी सुविधा दिलाने का प्रयास कर रही है। एक माह के भीतर 12 और शहरों तक सेवा पहुंचाने की तैयारी है। इनमें अयोध्या, आगरा और मेरठ के निवासियों को नवरात्र से पहले इस सुविधा से जोड़ने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर शहरों में भारत टैक्सी के विस्तार के लिए ग्राउंड ऑनबोर्डिंग और ड्राइवर पंजीकरण का काम शुरू हो गया है। इससे ऐप आधारित टैक्सी सेवा का दायरा प्रदेश के बड़े महानगरों से निकलकर छोटे शहरों तक पहुंचेगा। अगले चरण में मथुरा, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़, सीतापुर, हाथरस, इटावा, मिर्जापुर और रायबरेली में भी भारत टैक्सी की सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। इन शहरों में ड्राइवर और वाहनों को प्लेटफॉर्म से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। लक्ष्य है कि एक माह के भीतर इन शहरों के लोगों को सेवा उपलब्ध होने लगे। इस विस्तार में धार्मिक और पर्यटन शहरों पर भी विशेष ध्यान है। अयोध्या और मथुरा जैसे शहरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि आगरा में देश-दुनिया से पर्यटकों का आवागमन रहता है। वाराणसी और प्रयागराज में सेवा उपलब्ध होने के बाद अब ऐसे दूसरे प्रमुख शहरों को नेटवर्क में लाने की तैयारी है। भारत टैक्सी के नेटवर्क में टू व्हीलर और थ्री व्हीलर चालकों को भी शामिल किया जाएगा। इससे यात्रियों के सामने छोटी दूरी के लिए भी विकल्प बढ़ेंगे। वहीं बाइक, ऑटो और टैक्सी चलाने वाले युवाओं के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए यात्रियों तक पहुंचने का नया माध्यम तैयार होगा।





## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





### डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

### डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

## मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# बाबा बुड्ढा का गुरू पर्व सालाना समागम धूमधाम से मनाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बाबा बुड्ढा का गुरु पर्व सालाना समागम ग्राम लालवाला में धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष मनाये जाने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख संगत एकत्र होती है। समागम में ढाढी जत्था सतनाम सिंह लालू घुम्मन (पंजाब), कथा वाचक परमजीत सिंह (हरियाणा), शीतल सिंह (काशीपुर), करम सिंह नगीना से पधारे संगतों का नसबर सिंह (प्रधान), पपिंदर सिंह (सैक्रेट्री), सुखदेव सिंह (कोषाध्यक्ष) गुरु के वजीर करनैल सिंह, सदस्य निर्मल सिंह ने गुरु की सेवा में समर्पित होकर संगतों का धन्यवाद किया। गुरु का अटूट लंगर सेवा कर रहे अनेको सेवादारों ने भरपूर सेवा की। बिजनौर से आई हरजिंदर कौर (क्षेत्रीय मंत्री बीजेपी) ने भी समूह साध संगत को बाबा बुड्ढा के समागम की बधाइयां दी। सरबजीत सिंह, लखबीर सिंह, सरदारा सिंह, हरप्रीत सिंह, राजवीर सिंह, कश्मीर सिंह, हरविंदर सिंह, बलकार सिंह, कुलवंत सिंह, जोगिंदर सिंह, परमजीत सिंह, सरदार बलदेव सिंह, सरदार बीबन सिंह, जितेंद्र सिंह कक्कड़, सरदार मनमोहन सिंह, सरदार कुलवंत सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि का भी सहयोग रहा।



# सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी के आवास पर सपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों जिला सचिव डॉ. सईदुर्रहमान, इरफान अंसारी, दिलशाद अहमद, सलीम सलमानी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेश बाला शर्मा का हाजी रफ़ीक़ अंसारी का फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।



# दीपांशु मौत प्रकरण में नामजद विजय की गिरफ्तारी, अन्य की तलाश जारी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** निकटवर्ती ग्राम गाजीपुर कुतुब निवासी दीपांशु का संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि दीपांशु का शव करीब एक सप्ताह पूर्व रेलवे ट्रैक पर मिला था। मृतक के परिजनों की ओर से गांव के ही विजय, संजीव तथा कार्तिक के खिलाफ दीपांशु के साथ मारपीट कर आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने थाना किरतपुर के गेट पर धरना भी दिया था। धरने के दौरान सी ओ नजीबाबाद ने नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी विजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि आत्महत्या वाले दिन विजय ने अपनी पोती को दीपांशु के साथ मोटरसाइकिल पर बैठे देख लिया था, जिस पर विजय भाई और बाप ने दीपांशु के साथ मारपीट की थी।



# गाली-गलौच का विरोध करना पड़ा भारी, शाहवेज ने पंच से काशिफ के मुंह पर चोट मारी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ले में गाली-गलौज करने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि शराब के नशे में तीन लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। लोहे के पंच और डंडे से हमला कर उसे घायल करने के बाद आरोपी उसके घर में भी घुस गए और मारपीट की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला वलीपुरा निवासी काशिफ खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 सितंबर की रात करीब नौ बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान शादान और शाहवेज पुत्रगण जाकिर तथा उबैद पुत्र रियासत कथित रूप से शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। काशिफ ने गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोप है कि तीनों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार शाहवेज के हाथ में लोहे का पंच था, जिससे उसने काशिफ के मुंह पर वार किया। इससे उसकी नाक पर चोट आई। उबैद ने डंडे से वार किया, जो उसके बाएं कंधे पर लगा। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने लात-घूंसों से भी मारपीट की। किसी तरह बचकर काशिफ घर के अंदर पहुंचा तो आरोपी उसके घर में भी घुस गए और वहां भी उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर उस्मान और सादिक मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर काशिफ को बचाया। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि तीन व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। शीघ्र ही जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल व समस्त स्टाफ द्वारा माँ भारती, बापू व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर की गई। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर आधारित प्रेरणादायक भाषण, देशभक्ति गीत, प्रस्तुत किए। बच्चों ने सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत कीं। जिसमें गांधीजी के जीवन परिचय से जैसे सत्य, अहिंसा, शांति और भाईचारे का संदेश मिला।

## सूचना

पहले मेरा नाम IRFAN AHMAD था अब मैंने अपना नाम बदलकर IRFAN AHMAD KASAAB रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये।

**-इरफान अहमद कसाब पुत्र रईसुददीन, ग्राम दवासेवाली उमरी पोस्ट किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**


नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

असली इलेक्ट्रिक एथर इलेक्ट्रिक इंडिया का नं. फैमिली स्कूटर

ATHER



लिमिटेड स्टॉक

नवरात्रों के लिये बुकिंग प्रारंभ

अपनी पसंद का स्कूटर आज ही बुक करायें।

**Dhruvika Motors LLP**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 9119766026

**DHAMPUR :**

Indra Nagar Colony Near AYushman Hospital Dhampur MOb. 9762717747

# दुखी है कार्यकर्ताओं का मन, हुंकार जनसभा की नहीं मिली परमिशन

## अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वयं हटाया विशाल पंडाल

### स्वामी प्रसाद मौर्य को करना था जनसभा को संबोधित



रात में पंडाल और लाउडस्पीकर हटाते कर्मचारी।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर में आज होने वाली पूर्व मंत्री एवं अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की हुंकार जनसभा की तैयारियां उस समय धरी रह गई कि जब कल देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम की परमिशन न होने की बात कहते हुए मंच को हटवा दिया। सभी तैयारियां पूर्ण हो जाने के बाद अनुमति न मिलने का पता लगने से आयोजकों में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने तैयार किया गया विशाल पंडाल स्वयं हटवा लिया।

अपनी जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सुभाष चन्द्र लहरी और जिलाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि उन्होंने 27 अगस्त को जनसभा की परमिशन के लिए प्रार्थना-पत्र दिया गया था। जनसभा आज 4 अक्टूबर को होनी थी। उनका कहना है कि इस दौरान उन्हें निरंतर परमिशन हो जाने का भरोसा दिया जाता रहा, जिसके चलते उनके द्वारा जनसभा के विशाल पंडाल बनने सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। दोनों नेताओं का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा उन्हें गुमराह किया गया और सभी तैयारियां पूर्ण हो जाने के बाद शनिवार की रात कार्यक्रम की परमिशन न होने की बात बताई गई, जिससे उनका आर्थिक नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन की अनुमति नहीं थी। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बिना अनुमति के कोई भी कार्यक्रम नहीं होने दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा मना किये जाने के बाद आयोजकों ने अपना पंडाल स्वयं हटवा लिया। गौरतलब कि आज नगर में रामसहायवाला की चुंगी के निकट एक जनसभा का आयोजन किया जाना था,जिसे मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी प्रसाद मौर्य को सम्बोधित करना था।

# फुलसंदा आश्रम के पास से दो कुत्तों को उठा ले गया गुलदार



**नहटौर ( चिंगारी )।** फुलसंदा आश्रम के पास दो कुत्तों को गुलदार ने अपना शिकार बना लिया। आश्रम प्रशासन की सूचना पर वन विभाग ने गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। कोतवाली ग्रेड स्थित गुरु गद्दी दरबार फुलसंदा आश्रम के पास रहने वाले दो कुत्तों को गुलदार ने दो कुत्तों ने अपना निवाला बना लिया। गुलदार की सक्रियता की जानकारी मिलते ही आश्रम प्रशासन द्वारा शिकायत वन विभाग में दर्ज की गई और गुलदार पकड़ने की मांग की गई। आश्रम में छोटे बच्चों का स्कूल भी संचालित है। बच्चों की सुरक्षा को नजर में रखते हुए भय का माहौल बना हुआ है। शनिवार की शाम को वन विभाग की टीम ने आश्रम परिसर में पिंजरा लगाया है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से एवं आश्रम में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया है।

# गड्ढे भरेगा कौन, अधिकारी मौन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सड़कों को सही करने के निर्देश देने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए है। ग्राम निचलपुर की सड़क जो जिला बिजनौर से जिला मुरादाबाद को जोड़ती है, वह पूर्ण रूप से गडढों में तबदील हो गयी है। इस सड़क से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की आवाजाही है। सड़क ठीक न होने के कारण गांवों के लोगों ने लम्बी दूरी तय कर आना जाना शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है गडढों के कारण उनके वाहन खराब हो रहे हैं, इसलिए वह लम्बी दूरी तय करने को मजबूर हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 6 महीने पहले ही मरम्मत कराई गयी थी, लेकिन सड़क को देख लगता है कि यहां मरम्मत कार्य हुआ ही नहीं है। ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री की जांच हो तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# पिंजरे में कैद हुई 2 वर्षीय मादा गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज सुबह कासमपुर गढ़ी-माधोवाला रोड स्थित मौजा अल्हेपुर वीरान में एक गुलदार को वनकर्मियों ने पिंजरे के माध्यम से सकुशल रेस्क्यू कर लिया। नगीना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि यहां कई दिनों से आवारा पशुओं एवं कुत्तों को गुलदार द्वारा मार डालने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी, जिसे लेकर बीती एक अक्टूबर को यहां पिंजरा लगाया गया था। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई मादा गुलदार की आयु लगभग 2 वर्ष है जिसे स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पीलीडैम स्थित वन चौकी ले जाया गया है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र फय्याज अहमद जो अपनी पत्नी के कहने में है तथा वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-अब्दुल सलाम पुत्र दीन मोहम्मद निवासी ग्राम खुशहालपुर मठेरी, परगना व तहसील, नगीना जिला बिजनौर**



# चालान के बजाए मौके पर हेलमेट दिलाये जा रहे



**बिजनौर (चिंगारी)।** सड़क सुरक्षा और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बिजनौर यातायात पुलिस ने एक मानवीय और अनूठी पहल शुरू की है। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों का तत्काल चालान करने के बजाय उन्हें समझाकर हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर वाहन चालकों को मौके पर ही हेलमेट खरीदकर पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे पांच दिवसीय विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में चेकिंग की जा रही है। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को रोक कर उन्हें यातायात नियमों और हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है। अभियान के चार दिनों में जनपद में करीब 411 ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को चिन्हित किया गया, जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। यातायात पुलिस द्वारा समझाने के बाद इन सभी वाहन चालकों ने स्वेच्छा से मौके पर ही हेलमेट खरीदा और हेलमेट पहनकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### जागरूकता पर जोर

यातायात पुलिस का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि वाहन चालकों के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। पुलिस द्वारा दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है।

### हेलमेट पहनने के लिए करें प्रेरित

यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिजनों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित रहने की अपील की है।

# हाईवे पर ई-रिक्शाओं के ख़िलाफ़ चलाया विशेष चैकिंग अभियान

## 39 ई-रिक्शाओं के चालान, तीन जब्त



**बिजनौर (चिंगारी)।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर ई-रिक्शाओं के संचालन के खिलाफ यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न राज्य एवं राजमार्गों पर अभियान के दौरान प्रतिबंधित मार्गों पर संचालित ई-रिक्शाओं के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 39 ई-रिक्शाओं के चालान किए गए, जबकि तीन ई-रिक्शाओं को जब्त कर संबंधित थाने में दाखिल कराया गया। यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों और उनमें यात्रा कर रहे यात्रियों को जागरूक करते हुए बताया कि ई-रिक्शाओं का संचालन निर्धारित एवं अनुमन्य मार्गों पर ही किया जाए। पुलिस ने विशेष रूप से कहा कि ई-रिक्शाओं का प्रयोग मुख्य रूप से लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए निर्धारित मार्गों पर ही किया जाना चाहिए।

पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर ई-रिक्शाओं का संचालन शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने के साथ यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ा सकता है। यातायात पुलिस बिजनौर ने सभी ई-रिक्शा चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे निर्धारित एवं अनुमन्य मार्गों पर ही ई-रिक्शाओं का संचालन करें तथा यातायात नियमों और शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पूर्ण पालन करें। प्रतिबंधित मार्गों पर ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ भविष्य में भी नियमित विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई जारी रखने की बात पुलिस ने कही है।

# विवेक हास्पिटल में आयोजित हुआ रेटिना चैकअप कैम्प



**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं वैलनैस सैंटर में लोगों को नेत्र संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करने एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क रेटिना जांच शिविर का आयोजन किया गया तथा डा. विमल वशिष्ठ द्वारा मोतियाबिंद के 50 से अधिक निशुल्क आपरेशन किये गये।

## मोतियाबिंद के 50 नि:शुल्क आपरेशन किये गये

शिविर में रेटिना विशेषज्ञ डा. हरदीप कौर नारदे द्वारा मरीजों की आंखों की रेटिना की जांच की गयी। जांच शिविर में समय पूर्व जन्मे, नवजात शिशु की आंखों की विशेष जांच (आर.ओ.पी.) की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है साथ ही विशेष रूप से डायबिटीज, किडनी की बिमारी से संबंधित रेटिनोपैथी, धुंधला दिखाई देना, आंखों के सामने काले धब्बे या जाले दिखाई देना, अचानक दृष्टि कम होना तथा रेटिना से जुड़ी अन्य समस्याओं की जांच की गयी। जांच शिविर में मरीजों को मुफ्त चिकित्सीय सलाह, जांच एवं दवाईयां भी वितरित की गयीं। इस अवसर पर विवेक हॉस्पिटल द्वारा विदुर कुटी वृद्धाश्रम पर स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 78 लोगो ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

**विवेक अस्पताल के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि समय पर रेटिना की जांच और उचित उपचार से कई गंभीर नेत्र समस्याओं को बढ़ने से रोका जा सकता है। इसलिए जिन लोगों को आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी है, वे किसी भी समय अस्पताल आकर इलाज करा सकते हैं।**

# क़ब्रिस्तान में खड़े यूकेलिप्टिस के 135 पेड़ काट लिये

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम हरगनपुर स्थित क़ब्रिस्तान की भूमि में खड़े 135 यूके लिप्टिस के पेड़ चोरी से काटने का आरोप लगाया। कार्यवाहक ग्राम प्रधान की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम हरगनपुर के गाटा संख्या 34, रकवा 0.360 हेक्ट. जो कब्रिस्तान में दर्ज है। कार्यवाहक ग्राम प्रधान यासमीन परवीन का आरोप है कब्रिस्तान में खड़े 135 यूकेलिप्टस के पेड़ एक दशक पुराने हैं। जिन्हें जाकिर पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी ढेला ने चोरी से काट लिये। मौके पर एक ट्रैक्टर-ट्राली भरी हुई और मशीन कटर, काटे गए पेड़ों की कुटी मिली है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त पेड़ों की कीमत कई लाख रूपए है। ग्रामीणों के सहयोग से कुछ लोगों को पकड़ा गया है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया शिकायत के आधार पर जाकिर पुत्र मुश्ताक ग्राम ढेला बिजनौर, निरंजन सिंह पुत्र प्रवीण सिंह शेरपुर नन्नू नहटौर, शुभम पुत्र अशोक कुमार नन्हेड़ा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।




# लोग जिसे जूता गांठना कहते हैं वो एक महत्वपूर्ण कला

## 20 साल से नांगल में जूते-चप्पल गांठ रहे हरि सिंह

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** टूटे जूते , चप्पलों को गांठना और पहनने लायक बनाना एक महत्वपूर्ण कला है। हम कितने ही समृद्ध , आधुनिक और विकसित हो जायें, लेकिन इस कला की आज भी समाज को बेहद जरूरत है। नांगल में इंटर कॉलेज के सामने एक मोची प्रतिदिन आता है और अपनी इस कला से जहां अपना जीवन - यापन करता है, वहीं तमाम लोगों की जरूरत भी पूरी करता है। जिस दिन मोची नहीं आता है, तमाम लोग निराश , परेशान होकर वापस लौटते हैं।

कोई काम छोटा नहीं होता , बल्कि उसे छोटा समझने वाले की सोच छोटी होती है। भारत के इतिहास के अमर संत, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भी जूते गांठने का कार्य करते थे और वे अपने कार्य पर हमेशा गर्व महसूस करते थे। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के सामने स्थित पुलिया के एक कोने पर एक छोटा सा खोखा रखा हुआ है। इस खोखे पर समीपवर्ती ग्राम सराय आलम निवासी हरि सिंह प्रतिदिन सुबह को आते हैं और शाम तक जूते - चप्पल गांठकर अपनी आजीविका



चलाते हैं।

नांगल के एकमात्र मोची हरि सिंह ने चिंगारी से वार्ता करते हुए बताया कि वे पिछले 20 साल से यहां आकर अपना कार्य कर रहे हैं। उनके पिताजी सरजीत सिंह भी नांगल में चटाई बिछाकर जूते - चप्पल गांठने का कार्य करते थे। जबकि उनके दादाजी थानी सिंह घर पर जूते बनाने का कार्य करते थे। हरि सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने पिताजी से ही यह कार्य सीखा। यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। वे सुबह सवेरे आते हैं और दिनभर काम करके शाम को घर जाते हैं। 20 साल पहले जब उन्होंने काम शुरू किया था , तब चप्पल की टूटी पट्टी को ठीक करने के 50 पैसे या एक रूपया मिलता था और जूता पॉलिश करने के 5 रूपये मिलते थे। अब चप्पल गांठने के 5 तथा जूता पॉलिश के 20 रूपये मिलते हैं। हरि सिंह का कहना है कि बरसात में काम हल्का रहता है। आजकल केवल डेढ़ सो-दो सौ रूपये की ही दिहाड़ी हो पाती है , जबकि सर्दियों में 300 - 400 रूपये की दिहाड़ी हो जाती है। घर - खर्च चल जाता है। वे अपने काम से संतुष्ट हैं।

**प्रस्तुति : रुकन राजपूत**

## अंतिम बादशाह बहादुरशाह जफ़र की बहू पाई पाई को मोहताज!

**विडंबना**

भारत के अंतिम बादशाह बहादुरशाह जफ़र की मौत भले ही रंगून में हुई हो,लेकिन उनका दिल मरते दम तक भारत की मिट्टी के लिए तड़फता रहा।उसी अंतिम बादशाह की बहू पाई पाई को मोहताज है । राजशाही सल्तनत की बहू होने के बावजूद वह आज पश्चिम बंगाल के हावड़ा की एक गरीब बस्ती में किराए के छोटे से तंगहाल घर में जिंदगी का अंतिम समय गुजार रही हैं। रजिया सुल्ताना बेगम नाम की यह बहु मुगल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के पड़पोते मिर्जा बेदार बख्त की पत्नी हैं।



रजिया के मुताबिक, 15 अगस्त 1965 को महज 12 साल की उम्र में उनकी शादी बेदार बख्त से हुई थी। शादी के समय उनके पति बेदार कोई नौकरी नहीं करते थे और उन्हें करीब 250 रुपए की पेंशन राजशाही परिवार का वारिस होने के नाते मिलती थी। उनके घर में बादशाहत जमाने के शाही ठाठ की यादें जरूर थीं, लेकिन आमदनी बेहद सीमित हो गई थी।रजिया बताती है कि उनकी शादी के बाद उन्हें दो बच्चे हुए तो घर का खर्च बढ़ गया। कुछ कमाई न करने के बाद भी पति को लज़ीज व्यंजन खाने को चाहिए थे। घर चलाने के लिए रजिया ने मजबूरन जिल्द बांधने, लाख की चूड़ियां बनाने, पेन के सॉकेट लगाने और दूसरी छोटी-मोटी मजदूरी का काम शुरू किया। लेकिन फिर पति बीमार पड़ गया और फिर पति की मौत हो गई। जिसके बाद हालात और मुश्किल हो गए। रजिया बताती हैं कि उन्होंने अपने बच्चों को कई बार पानी में ब्रेड डुबोकर खिलाई, लेकिन किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया। उन्होंने कभी चाय की दुकान लगाई, कभी मोती पिरोए और कभी साड़ियों का काम करके परिवार चलाया।

वर्तमान में उन्हें करीब 6 हजार रुपए की पेंशन मिलती है, जिसमें से 2500 रुपए प्रतिमाह मकान के किराए में चले जाते हैं। रजिया का कहना है कि वह मुगल खानदान की बहू होते हुए भी लाल किला जो कभी उनके बुजुर्गों का महल हुआ करता था,में टिकट लेकर जाना पड़ता है,तब जाकर मुगल सल्तनत की याद ताजा कर पाते है।उनकी सबसे बड़ी इच्छा यह है कि देश के अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के परिवार से जुड़ी संपत्ति और इतिहास को सरकार याद करे और पर्याप्त सम्मान दे। वह कहती हैं, न हमारे पास जायदाद है, न शाही पेंशन और न रहने को अपना घर। बस इतनी इच्छा है कि जिंदगी के आखिरी दिनों में अपना एक ठिकाना मिल जाए अर्थात सरकार एक अदद घर दिलाने में मदद करे,ताकि मुगल वंश की बहू स्लम बस्ती में किराए के सीलनभरे मकान से अपने घर मे जा सके और सम्मान के साथ जिंदगी का आखिरी वक्त गुजार सके।

**प्रस्तुति : श्रीगोपाल नारसन**

## दिव्यांग को बैल्ट से मारा, पुलिस ने आरोपी का पैदल मार्च निकाला

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** एक युवक द्वारा दिव्यांग युवक को बैल्ट से पीटने का वीडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने पीड़ित दिव्यांग युवक के पिता की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का थाने से मुख्य चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। कोतवाली देहात सलीम अहमद उर्फ बाबू कुरैशी ने थाने में तहरीर दी थी कि उसके दिव्यांग पुत्र अब्दुल रहीम उर्फ शब्बू को 2 दिन पूर्व बिडला कॉलोनी निवासी मोहम्मद अनस पुत्र शमून उर्फ मुंशी ने बैल्ट से बुरी तरह पीटकर गंभीर चोट पहुंचाई है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अनस पुत्र शमून को मारपीट से संबंधित धाराओं व दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस दौरान पुलिस ने थाना कार्यालय से लेकर मुख्य चौराहे तक आरोपी का पैदल मार्च कराया। आरोपी की इस जघन्य हरकत पर ग्रामीण थू थू कर रहे हैं।

## अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। नजीबाबाद रोड पर कृषि भूमि में किरतपुर निवासी वाजिद, तौफीक अहमद व नजीबाबाद निवासी फरमान द्वारा अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। एसडीएम नगीना प्रिंस कुमार, सीओ राजेश सोलंकी व थाना प्रभारी सुनील सहरावत की मौजूदगी में उक्त अवैध कॉलोनी में किया गया निर्माण ध्वस्त कराया गया। कार्रवाई से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मचा।**

## गांधी जयंती पर सत्य और अहिंसा का संदेश

**धामपुर ( चिंगारी )।** निकटवर्ती ग्राम सरकड़ा चकराजमल स्थित बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज में गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समारोह एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष, विचारों और देश की आजादी में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दिवेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। सेमिनार में शिक्षक शैला मलिक, अमीर जहां और जिकरा परवीन ने विद्यार्थियों को गांधी जी के सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती केवल महात्मा गांधी को याद करने का दिन नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का अवसर भी है। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से सत्य, अहिंसा, प्रेम और आपसी सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के जीवन एवं विचारों से संबंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।






# जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल सांसद चन्द्रशेखर ने उठाये सवाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने शनिवार को धामपुर स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, औद्योगिक विकास, युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों में स्वीकृत पदों के मुकाबले स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या बहुत कम है, जिसका असर सीधा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक अन्य सरकारी संस्थानों में चिकित्सकों के साथ-साथ लेडिस डॉक्टर, स्टाफ नर्स, एक्सरे टेक्निशियन, लैब टेक्नीशियन, फार्मेसी व अन्य कई कर्मचारियों की बहुत कमी है। उनके मुताबिक कई स्थानों पर पर्याप्त स्टाफ



न होने के कारण मरीज को उपचार नहीं मिल पाता और उन्हें रेफर कर दिया जाता है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि 100 बैड के अस्पताल धामपुर व मेडिकल कॉलेज बिजनौर में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। अगर स्वास्थ्य विभाग में पर्याप्त कर्मचारी की तैनाती होती है तो शायद लोगों को सही उपचार मिल सकेगा। चंद्रशेखर आजाद ने जिले में रोजगार के अवसरों में कमी को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा बिजनौर के युवाओं को सऊदी अरब, दुबई, दिल्ली, मुंबई व बड़े शहरों में जाकर रोजगार करना पड़ता है। अगर सरकार युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराये तो युवाओं का पलायन रुक सकता है। नगीना लोकसभा क्षेत्र में उद्योग इकाइयां भी स्थापित किए जाने की उन्होंने मांग की।

## एसबीडी में भाषण व भजनों के साथ महात्मा गांधी व शास्त्री जी को किया याद

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान व बी.एड विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. बिमला सिंह द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर उन्हे नमन किया गया। तत्पश्चात् कु. सारा अंसारी, कु. आफ़रीन द्वारा भाषण प्रस्तुत किया। कु. तानिया, कु. यशस्वी कौशिक ने भजन की प्रस्तुति दी। बी.एड विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. बिमला सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में उतारने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र की शिक्षिका डॉ. पूनम रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजू व एन.सी.सी प्रभारी श्रीमती प्रियंका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीलम पाल, डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. रेशू शुक्ला, डॉ. रंजू सिंह, डॉ. अर्चना कुन्तल, डॉ. चारू अग्रवाल, कु. रितु देवी, डॉ. अदिति, डॉ. संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खेल रहे थे जुआ, युवक के साथ झगड़ा हुआ



खाली पड़ा हुआ मकान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बंदूकचियान भटियारी सराय में एक अर्द्ध निर्मित भवन में जुआ खेल रहे लगभग आधा दर्जन जुआरियों ने साहिल नामक युवक के साथ गाली गलौज की जब साहिल घर पर आ गया तो जुआरियों ने उसके घर पहुंच कर उसकी बहन के साथ भी मारपीट की। जिसका इलाज एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम जैतरा निवासी डॉ. साकिब ने धामपुर के मोहल्ला बंदूकचियान भटियारी सराय में एक मकान का निर्माण कराया है जो अभी अधूरा है। बताया जाता है कि इस अर्ध निर्मित भवन में मोहल्ले के जुआरी प्रतिदिन जुआ खेलते हैं। कल शाम जुआ खेलने के दौरान जुआरियों का साहिल पुत्र शौकत से झगड़ा हो गया। बीच बचाव के बाद साहिल जब घर पर आ गया तो जुआ खेल रहे युवक रिजवान व जावेद ने अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंच कर गाली गलौज की जब साहिल की बहन घर के बाहर आई तो जुआरियों ने उसके साथ भी मारपीट की। गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया जाता है कि इन जुआरियों की हरकत से मोहल्ले के लोग काफी परेशान हैं इसके बावजूद भी पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

## धामपुर शुगर मिल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल की केमिकल यूनिट में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर झंडारोहण तथा राष्ट्रगान भी हुआ। कार्यक्रम में कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, विनोद सिंह राणा, दुर्गेश राठौर ने उनके द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर केमिकल यूनिट के आबकारी निरीक्षक साजिद अली, उप आबकारी निरीक्षक (सर्किल) सुरेंद्र पाल, पंकुल अग्रवाल, सुरक्षा अधिकारी अमित मिश्रा, निर्मल कुमार, ओंकार सिंह, श्रीमती संगीता, मनोज, रुस्तम, देवेंद्र, रविंदर, सुरेंद्र सिंह, रमेश पंडित, अनिरुद्ध कंबोज आदि उपस्थित रहे।

## श्री ब्राह्मण सभा समिति पंजी. के दोनों पक्षों में हुआ समझौता

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री ब्राह्मण सभा समिति पंजीकृत का दो बार रजिस्ट्रेशन कराने के मामले में ब्राह्मण समाज द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत के बाद जांच अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी की मध्यस्थता में दोनों पक्षों में लिखित समझौता होने के बाद श्री ब्राह्मण सभा समिति पंजीकृत धामपुर के अध्यक्ष विभूति कांत शर्मा व सचिव संजय शर्मा बिल्लू ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। लिखित समझौते के अनुसार अब श्री ब्राह्मण सभा समिति, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 77 8 एमबीडी 9920 है, के अध्यक्ष प्रमोद कुमार कौशिक एडवोकेट के द्वारा कार्य किया जाएगा। समझौता वार्ता में तय हुआ कि विभूति कांत शर्मा नई समिति के रजिस्ट्रेशन को निरस्त कराएंगे। समझौता वार्ता में अजय कुमार शर्मा एडवोकेट, राकेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, प्रमोद कौशिक एडवोकेट तथा विभूति कांत शर्मा व संजय शर्मा बिल्लू मौजूद रहे। समझौता होने के बाद मोहल्ला बकालान स्थित श्री ब्राह्मण सभा धर्मशाला के भवन पर प्रमोद कौशिक एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ ताला डाल दिया।

## गांधी जी का सत्य-अहिंसा का संदेश आज भी प्रासंगिक : जितेन्द्र कुमार

### जेके मॉडर्न एकेडमी में मनाई गांधी जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. मॉडर्न एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान और उप-प्रधानाचार्य सुमित शर्मा द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य एवं अहिंसा का मार्ग आज भी संपूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उनके चरित्र निर्माण से ही एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है।

विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उप-प्रधानाचार्य सुमित शर्मा द्वारा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जय जवान, जय किसान के महत्व के बारे में बताया गया कि यह नारा देश के सैनिकों के साहस और किसानों के परिश्रम के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। महात्मा गांधी के सामाजिक एवं आर्थिक विचारों के संदर्भ में विद्यार्थियों को अंत्योदय की भावना के बारे में भी जानकारी दी गई।

## बालिका विद्या मंदिर में छात्राओं ने गायी रामधुन

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पित किये। विद्यालय की आचार्या पारुल व प्रीति ने छात्राओं को इन देशभक्तों के जीवन के प्रेरक, प्रंसगों को सुनाया। इस अवसर पर आचार्या बहनों रेनू, अनीता, सरिता, मीनाक्षी, प्रियंका, पूर्णिमा, अर्चना, मेघना, प्रीती जी, पारुल, अलका, दीपिका, मधु, काजल ने रघुपति राघव राजा राम भजन का गायन किया।

## श्रीकृष्ण-रूकमणी विवाह व कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग के साथ कथा हुई समाप्त



बच्चों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला साहूवान में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भगवान कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह तथा कृष्ण सुदामा मिलन के प्रसंग के साथ समापन हो गया। इस दौरान कृष्ण का स्वरूप धारण करने वाली प्रगति अग्रवाल तथा रुक्मणी के स्वरूप में दीप्ति गोयल ने अपने नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य पंडित प्रेम कुश तिवारी महाराज ने भगवान कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सफल दांपत्य जीवन जीने के लिए पति और पत्नी के मध्य लक्ष्मी और नारायण जैसे भाव होने चाहिए। कार्यक्रम में भजन गायक कुलदीप कुमार शर्मा, विशाल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय बना दिया। समापन दिवस की कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान अंकुर कुमार अग्रवाल अन्नू एवं उनकी धर्मपत्नी हिमानी रानी अग्रवाल, उन्नति अग्रवाल, प्रगति अग्रवाल तथा सक्षम अग्रवाल रहे। आचार्य पंडित प्रेम कुश तिवारी महाराज ने राजा परीक्षित का स्वरूप धारण करके निरंतर 7 दिनों तक समर्पित भूमिका प्रदर्शित करने वाले मुख्य यजमान अंकुर कुमार अग्रवाल अन्नू को भक्त शिरोमणि की उपाधि से विभूषित किया। कार्यक्रम की सफलता में विजय कुमार शर्मा, प्रेम कुमार शर्मा, विनीत कौशिक, संजय बिश्नोई, रजनीश कुमार शर्मा, सुभाष सैनी, मुन्ना सैनी, मंजू सैनी, मोनिका सैनी, प्राची सैनी, संजय अग्रवाल का योगदान रहा।

# बुराइयों से बचकर ज़िंदगी गुजारें : मौलाना इफ़्तिख़ार



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला तराई स्थित मुल्लानो वाली मस्जिद में आयोजित किये गए दीनी कार्यक्रम में उलेमा ने बुराईयों से बचने और नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम के बताए तरीके के मुताबिक जिंदगी गुजारने का आह्वान किया। हाजी मौ. आसिफ द्वारा कराए गए प्रोग्राम को खिताब करते हुए मौलाना इफ़्तिख़ार उल हसन सहसपुरी ने कहा कि इंसान को ज़्यादा से ज्यादा अल्लाह का ज़िक्र करना चाहिए, इससे ईमान तरोताज़ा और इंसान बुराईयों से महफूज रहता है। उन्होंने घरों में कुरान ए करीम की तिलावत किये जाने पर जोर देते हुए कहा कि घरों में रोज़ कुरान शरीफ पढ़े जाने से अल्लाह की रहमतें बरसती है, परेशानियां दूर होती हैं और खैरो बरकत आती है। उन्होंने मुसलमानों से अपने बच्चों को हर हाल में दीनी तालीम दिलाने जोर दिया। मशहूर आलिमे दीन मुफ्ती अब्दुल रहमान नौगांवा ने समाज में बढ़ती बुराईयों पर अफ़सोस जताते हुए कहा कि सामने आ रही तमाम परेशानियों की वज़ह हमारा अल्लाह और नबी के बताए तरीके से भटक जाना है। उन्होंने लोगों से नबी की सुन्नतों पर चलने, दूसरों के दुख दर्द को महसूस करने, बुराईयों को छोड़ने, सभी के साथ अच्छे अख्लाक से पेश आने और प्यार मुहब्बत के साथ जिंदगी गुज़ारने की हिदायत की। आखिर में हज़रत द्वारा अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिये दुआ कराई गई। दीनी प्रोग्राम में काफी तादाद में लोगों ने शिरकत की।






# नवनिहाल को मिला उपाध्यक्ष पद, कार्यकर्ता व समर्थक गदगद



**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवनिहाल सिंह को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिस पर समर्थकों द्वारा खुशी जाहिर की गई। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने नहटौर के ग्राम नारायण खेड़ी निवासी नव निहाल सिंह को किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनिहाल सिंह के आवास पर पहुंचे भाजपा जिला मंत्री तिलक राज सैनी, नागेंद्र त्यागी, शेख आलम, हर्षित चौधरी, अर्पित गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, भाजपा मंडलाध्यक्ष राकेश सैनी आदि भाजपाइयों ने नवनिहाल सिंह के मनोनयन पर खुशी जताई है। उन्हें भारत रत्न पूर्व पीएम की तस्वीर देकर सम्मानित किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नव निहाल सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे।

# पूजा ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**चांदपुर (चिंगारी)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इस्माईलपुर डायट में 7वीं जिला स्तरीय कला क्राफ्ट पेपेट्री प्रतियोगिता में पूजा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय ऊमरी बड़ी में सहायक अध्यापिका पूजा सिंह ने अपने नवीन एवं आकर्षक टीएलएम गणित जोड़ दर्शन टीवी के माध्यम से जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके द्वारा बनाए गए टीएल एम से गणित के जोड़ को खेल खेल में सिखाने की अद्भुत पहल की गई। प्राचार्य डाली सिकरवार व कार्यक्रम प्रभारी डायट प्रवक्ता डा. निशा ने बहुत सराहा।



# चेयरमैन ने नगर के मुख्य चौराहों पर देखी प्रकाश व्यवस्था

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगरपालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने बीती रात नगर के मुख्य चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था का मुआयना किया और नयी लगी लाईटों को देखा। चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि 5 बड़ी लाईटें मुख्य चौराहों पर लगवायी गयी है और 5 लाईटें और लगवायी जाएगी। डिवाइडर को लेकर चेयरमैन ने कहा कि डिवाइडर हटवा दिए गये है। पहले अतिक्रमण हटवाकर और सड़कों का चौड़ीकरण कराने के बाद डिवाइडर लगवाए जाएगे, जिससे यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सकेगी और जाम से मुक्ति मिलेगी।



# रविता राठी को मिलेगा 'अखिल भारतीय हरिवंश सम्मान'



**बिजनौर (चिंगारी)।** महिला कल्याण विभाग, बिजनौर में डीएमसी के पद पर कार्यरत रविता राठी को जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अखिल भारतीय हरिवंश सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान श्री मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट, उत्तराखंड की ओर से प्रदान किया जाएगा।

रविता राठी द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के कार्य को सम्मान के लिए चयन का महत्वपूर्ण आधार माना गया है। योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने में भूमिका सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती हैं, लेकिन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी प्रभावी रूप से पहुंचता है, जब आम नागरिकों को उनके अधिकारों, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी हो। इसी दिशा में रविता राठी द्वारा विभागीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने और सरकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर तक पहुंचाने में भूमिका निभाई जा रही है।

## सोशल मीडिया बना जागरूकता का प्रभावी माध्यम

वर्तमान डिजिटल दौर में सोशल मीडिया सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। रविता राठी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी प्रभावी उपयोग करते हुए सरकारी योजनाओं, विभागीय गतिविधियों और जनहित से जुड़े संदेशों को लोगों तक पहुंचाने में सक्रियता दिखाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को सरल एवं जनसुलभ तरीके से प्रस्तुत किए जाने से विशेष रूप से युवाओं और डिजिटल माध्यमों से जानकारी प्राप्त करने वाले लोगों तक सरकारी कार्यक्रमों की पहुंच बढ़ाने में मदद मिली है।

## राष्ट्रीय मंच पर होगा सम्मान

**तृतीय अखिल भारतीय हरिवंश सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 25 अक्टूबर 2026 को देहरादून, उत्तराखंड में किया जाएगा। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चयनित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। रविता राठी को यह सम्मान प्रशासनिक/ जनकल्याणकारी सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं के जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।**

चिंगारी

(सांध्य दैनिक), बिजनौर

4 अक्टूबर, 2026






# पाक चित, भारत हिट

## 85 पदकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहा भारत

नागोया (एजेंसी/चिंगारी)। एशियाई खेलों में शनिवार का दिन भारत के लिए बेहद शानदार रहा। क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती, तीरंदाजी और गोल्फ में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक दिन में 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज समेत कुल 9 पदक अपने नाम किए। पुरुष हॉकी में मलेशिया को 5-1 से हराकर गोल्ड जीतने के साथ भारत ने पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया। भारत के अब 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 85 पदक हो गए हैं।

### मलेशिया को 5-1 से रौंदा

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में मलेशिया को 5-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि जुगराज सिंह, हार्दिक सिंह और शिलानंद लाकड़ा ने एक-एक गोल किया। मलेशिया की ओर से शेलो सिल्वेरियस ने एक गोल किया। भारत ने इस जीत के साथ एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी का अपना खिताब लगातार दूसरी बार बचाया। साथ ही गोल्ड जीतने के कारण भारत को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफिकेशन भी मिल गया। यह भारत का एशियाड में पुरुष हॉकी का पांचवां गोल्ड है।




### तीरंदाजी : 17 साल की कुमकुम ने रचा इतिहास

**महिला व्यक्तिगत रिकर्व में कुमकुम मोहोद ने गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल में उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की ओह येजिन से हुआ। मुकाबला 5-5 से बराबर रहने के बाद शूट-ऑफ में कुमकुम ने निर्णायक तीर पर 10 अंक हासिल कर बाजी मार ली। 17 साल की कुमकुम इस स्पर्धा में एशियाई खेलों का व्यक्तिगत गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाज बनीं। इस एशियाड में उनके नाम अब दो गोल्ड और एक सिल्वर है। पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में नीरज चौहान ने ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में साथी भारतीय धीरज बोम्मदेवरा को 6-4 से हराया।**

### कुश्ती : अमन को गोल्ड अंतिम को सिल्वर

पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में अमन सहरावत ने गोल्ड मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने उत्तर कोरिया के हेंग कोंग सोंग को 11-7 से हराया। मुकाबले में अमन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बनाई, लेकिन विपक्षी पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 7-6 कर दिया। इसके बाद अमन ने चार अंकों की शानदार चाल से फिर बढ़त बनाई और मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं, दीपक पूनिया ने पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। महिला 53 किग्रा वर्ग में अंतिम पंघाल को सिल्वर मिला। फाइनल में उन्हें जापान की विश्व चैंपियन मो कियोका से 1-9 से हार का सामना करना पड़ा।

### गोल्फ : प्रणवी का ऐतिहासिक गोल्ड

महिला व्यक्तिगत गोल्फ में प्रणवी उर्स ने गोल्ड जीतकर इतिहास रचा। वह एशियाई खेलों में व्यक्तिगत गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं। चार राउंड के बाद प्रणवी 15-अंडर पार पर रहीं और एक शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला टीम स्पर्धा में प्रणवी उर्स, अदिति अशोक और दीक्षा डागर की टीम ने सिल्वर मेडल जीता। भारतीय टीम का स्कोर 14-अंडर पार रहा, जबकि चीन ने 22-अंडर के साथ गोल्ड जीता। इस तरह प्रणवी ने एक ही दिन व्यक्तिगत गोल्ड और टीम सिल्वर हासिल किया।

### एशियाड में भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

शनिवार के मुकाबलों के बाद भारत के खाते में 21 गोल्ड समेत कुल 85 पदक हो गए हैं। 21 स्वर्ण पदक एशियाई खेलों में भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने 2023 के हांगझोउ एशियाड में रिकॉर्ड 28 गोल्ड जीते थे। इस बार भारत ने चौथा स्थान हासिल किया है और अभियान में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं।

## शाई होप का नाबाद शतक, वेस्ट इंडीज ने जीता तीसरा वनडे

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)।** कप्तान शाई होप की नाबाद 162 रन की साहसिक शतकीय पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने भारत को तीसरे वनडे में शनिवार को 10 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हराकर अपना सम्मान बचा लिया। यह मैच हारने के बावजूद भारत ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। के एल राहुल (नाबाद 129) के आतिशी शतक और ओपनर रोहित शर्मा की 92 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 351 रन का विशाल स्कोर बनाया लेकिन उसे बचा नहीं सके। वेस्ट इंडीज ने 48.2 ओवर में पांच विकेट पर 352 रन बनाकर जीत अपने नाम की। शाई होप ने 143 गेंदों पर नाबाद 162 रन में 17 चौके और तीन छक्के लगाए। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। होप ने एक रिकॉर्डतोड़ पारी खेलते हुए लगभग अकेले दम पर वेस्टइंडीज़ को ये ऐतिहासिक जीत दिलाई है। होप वनडे में 150 का आंकड़ा छूने वाले पहले विकेटकीपर कप्तान बने हैं। 50 ओवर विकेटकीपिंग करने के बाद 48.2 ओवरों तक बल्लेबाजी करके होप ने अपना जुझारूपन दिखाया है। अपनी पारी के आधे समय तक वह चोट का भी सामना कर रहे थे और उन्हें रन लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। इन सबके बावजूद होप ने वेस्टइंडीज़ को जीत दिलाई है। 2023 के बाद पहली बार वेस्ट इंडीज को भारत के खिलाफ़ वनडे में जीत मिली है, वो भी उन्होंने 352 रनों का लक्ष्य हासिल करके पाया है। भारत के 351 रनों के जवाब में, वेसर इंडीज ने अच्छी फ़ॉर्म में चल रहे जॉन कैंपबेल का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पावरप्ले में आउट किया। इसके बाद पिछले मैच में शतक लगाने वाले दो खिलाड़ी साथ आए। हालांकि पहले पावरप्ले में कुछ मौके चूके भी, लेकिन शाई होप और आमिर जांगू ने अच्छी गति से बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। जब ऐसा लगा कि भारत के पास कोई तरकीब नहीं बची है, तब एक रन-आउट से जांगू आउट हो गए। इसके बाद होप ने लगातार दो अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। पहली शेरफेन रदरफोर्ड के साथ, जिन्हें रिव्यू लेने के बावजूद गलत तरीके से %कैच बिहाइंड% करार दिया गया। और फिर कीमो पॉल के साथ। यह एक अहम साझेदारी थी।




### एशियन गेम्स मेडल टैली

| रैंक | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 169 | 89 | 83 | 341 |
| 2. | जापान | 83 | 95 | 91 | 269 |
| 3. | साउथ कोरिया | 39 | 43 | 68 | 150 |
| 4. | भारत | 21 | 27 | 37 | 85 |
| 29. | पाकिस्तान | 0 | 2 | 8 | 11 |

## एशियाई खेलों में हॉकी स्वर्ण पदक के बाद हरमनप्रीत सिंह के पिता ने टीम की कोशिशों की सराहना की



चंडीगढ़, (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पिता सरबजीत सिंह ने राष्ट्रीय टीम के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने को सामूहिक प्रयास बताते हुए कहा कि यह कामयाबी पूरी टीम की है, न कि किसी एक खिलाड़ी की। भारत ने जापान में हुए फाइनल में मलेशिया को 5-1 से हराकर पुरुषों का हॉकी खिताब अपने नाम किया और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए सीधे जगह पक्की की। हरमनप्रीत ने दो गोल करके टीम की अगुवाई की, जिसमें पेनल्टी कॉर्नर से किया गया भारत का पहला गोल भी शामिल था। इस जीत के साथ भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक 'डबल' पूरा हुआ, क्योंकि एक दिन पहले ही महिला टीम ने चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक था। यह पहली बार था जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने एक ही एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। सरबजीत सिंह ने हरमनप्रीत के मशहूर निकनेम का जिक्र करते हुए कहा, यह केवल 'सरपंच' की जीत नहीं है, यह पूरी टीम की जीत है। हॉकी एक टीम गेम है। सभी खिलाड़ी मेरे अपने बच्चों की तरह हैं और इस कामयाबी में हर किसी का योगदान है।

# पूर्व मुख्यमंत्री की जमीन ही सुरक्षित नहीं!

जिस जमीन के कागजों को लेकर आम आदमी तहसील के चक्कर काटता है, वही व्यवस्था तब सवालों के घेरे में आ गई जब मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की बिजनौर जिले के नजीबाबाद तहसील क्षेत्र स्थित जमीन की विरासत दर्ज कराने का आवेदन करीब पांच माह तक अटका रहा। मामला आगे बढ़ा तो कथित फर्जी वसीयत, जमीन पर कब्जे और दस्तावेजों में हेरफेर के आरोप सामने आए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की जमीन को लेकर उनके प्रतिनिधि ने तहसील में विरासत दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इसके बाद संबंधित जमीन पर विवाद खड़ा कर दिया गया। लेखपाल की रिपोर्ट और राजस्व प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठे। शिकायत में पूर्व मुख्यमंत्री के पिता महेंद्रनाथ की जमीन से जुड़ी विरासत और वर्ष 1998 में तैयार बताई गई वसीयत का जिक्र है।



मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि आरोपित पक्ष की ओर से पेश की गई वसीयत को लेकर ही विवाद खड़ा हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दस्तावेजों की जांच के बाद वसीयत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस कार्रवाई हुई। सवाल यह है कि यदि दस्तावेज संदिग्ध थे तो वे राजस्व प्रक्रिया तक पहुंचे कैसे? और यदि जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा था तो उसकी जांच समय रहते क्यों नहीं हो सकी?

यही वह बिंदु है जहां तहसील स्तर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। जमीन के स्वामित्व, विरासत और कब्जे से जुड़े मामलों में लेखपाल की रिपोर्ट से लेकर तहसीलदार के स्तर तक की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में पांच महीने तक आवेदन लंबित रहना और इसी दौरान विवाद का गहराना व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल पैदा करता है।

मामले में भूमि माफिया और राजस्व कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के आरोप भी चर्चा में हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि निष्पक्ष जांच के बाद ही हो सकती है। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की बात सामने आई है।

यह विवाद सिर्फ कमलनाथ की जमीन का मामला नहीं है। अगर पूर्व मुख्यमंत्री की संपत्ति के कागज भी तहसील की फाइलों में सुरक्षित नहीं हैं, तो आम किसान और जमीन मालिक किस भरोसे पर अपनी जमीन को सुरक्षित माने? यही सवाल अब राजस्व व्यवस्था के सामने सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ा है।

**–सत्यवीर सिंह, सुआवाला**

## समर्थकों के साथ कैप्टन राजीव चौहान ने दाखिल किया नामांकन



**मुरादाबाद (चिंगारी)।** बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव के लिए कैप्टन डॉ. राजीव चौहान ने आज अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, समर्थक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। नामांकन में बतौर प्रस्तावक प्रोफेसर धनंजय शरण, डॉ. अमित वैश्य, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. अनुपम मिश्रा, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा, डॉ. सुहैल मियां, डॉ. राम ललित, डॉ. आशा दुबे, डॉ. सत्यवीर सिंह चौहान, डॉ. अमित पाल सिंह, डॉ. सचिन शुक्ला, डॉ. प्रवीण माथुर एवं एडवोकेट सदानंद सैनी सहित अन्य समर्थक उपस्थित रहे। इस दौरान भारतीय कृषक दल के महासचिव प्रमोद यादव भी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कैप्टन डॉ. राजीव चौहान को समर्थन पत्र सौंपते हुए आगामी चुनाव में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। नामांकन के दौरान समर्थकों ने फूल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, बरेली, पीलीभीत मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा , बिजनौर सहित सभी जनपदों से उनके समर्थक पहुंचे। श्री अजय प्रताप सिंह, केपी सिंह, विनेश सिंह, शिवदत्त शर्मा, उदयपाल सिंह, प्रो. नीरज सिंह, अनिल सिंह, रामवीर सिंह और संजीव कुमार चौहान सहित भारी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

### शिक्षकों की आवाज उठाना प्राथमिकता

कैप्टन (डॉ.) राजीव चौहान ने कहा कि- शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और हितों की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं, पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन एवं अन्य लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाने की आवश्यकता है। साथ ही शिक्षकों को बेहतर कार्य वातावरण, सामाजिक सम्मान, सेवा सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित सुविधाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा।

## पत्रकार नितिन कौशिक की माता जी के निधन पर दुःख जताया



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** चिंगारी संपादक वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने अफजलगढ़ पहुंचकर पत्रकार नितिन कौशिक की माता जी श्रीमती निशा कौशिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दुख की इस घड़ी में कौशिक परिवार का ढांढस बंधाते हुए श्री रघुवंशी ने कहा कि जीवन में मां-बाप का साया सर से उठ जाना असहनीय दुख है। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और दुख की इस घड़ी में कौशिक परिवार को साथ खड़ा होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सुशील कर्णवाल, शमीम मामा, सतीश त्यागी, संदीप माहेश्वरी ने श्रीमती निशा कौशिक के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विदित हो कि पत्रकार नितिन कौशिक की माताजी श्रीमती निशा कौशिक (75 वर्ष) का लंबी बीमारी के चलते बुधवार की रात्रि स्वर्गवास हो गया है।

### स्व. निशा कौशिक को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर टाइम्स समूह की शोक सभा में अफजलगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक की माता जी श्रीमती निशा कौशिक के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बिजनौर टाइम्स समूह कार्यालय में प्रधान संपादक चन्द्रमणि रघुवंशी की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे बहुत व्यवहारिक, शालीन, मृदुभाषी व धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। दुःख की इस घड़ी में बिजनौर टाइम्स परिवार नितिन दिनेश कौशिक के परिवार के साथ खड़ा है। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को इस दारुण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार हुक्का बिजनौरी, सूर्यमणि रघुवंशी, मरगूब रहमानी, अनिल चौधरी, चौधरी बृहमपाल सिंह, विपिन भारद्वाज, वेदव्रत वेणु, शुभ रघुवंशी, अतुल कुमार मिंटू, जागन सिंह, रविन्द्र भटनागर, आकाश पाल, अजय कुमार, नितिन शर्मा, जितेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार सुरक्षा समिति ने किया जैद को सम्मानित



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ताइक्वांडो के नेशनल सिल्वर मेडलिस्ट एसएम जैद को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) की बिजनौर इकाई ने शॉल ओढ़ाकर व शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार एस एम असलम के कासमपुर गढ़ी स्थित आवास पर जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद की अगुवाई में पहुंची पत्रकारों की इस टीम ने जैद की सराहते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद इकबाल अंसारी, सकाफत एस भारती, अजहान अंसारी, मनोज शर्मा, सपना वर्मा, शाही अराफात सैफी, रिहान अंसारी, नौशाद सैफी, मौ. सोहेल, वाजिद अंसारी, नदीम मलिक, मौ. दानिश, राजेंद्र चौहान, डॉ. ए.एच. साबरी, सुभाष तोमर फिरोज बेग आदि पत्रकार एवं कामिल खान, अंजार खान व दिलशाद सलमानी आदि मौजूद रहे।

## पश्चिमी उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल का महिला व्यापारी सम्मेलन कल

**बिजनौर (चिंगारी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद बिजनौर के तत्वावधान में महिला मोर्चा का जिला स्तरीय व्यापारी (महिला) सम्मेलन कल 5 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे किरण उत्सव मंडप बिजनौर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मीनाक्षी भराला सहित श्रीमती अंशिका दीक्षित अपर जिलाधिकारी प्रशासन, डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह अपर पुलिस अधीक्षक नगर, एवं सुश्री स्मृति मिश्रा जॉइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर रहेंगे समारोह की अध्यक्षता श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल निदेशिका द हेजलमुन स्कूल चांदपुर करेंगी, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहेंगे, समारोह मे डीएमसी महिला कल्याण विभाग रविता राठी, प्रदेश महामंत्री महिला मोनिका यादव, जिलाअध्यक्ष विनीत राजपूत, आयशा सिद्दीकी, नैना अग्रवाल,डॉ उर्मिला पाल, अनामिका जैन, रीना अग्रवाल शिवली खान सहित अनेक प्रदेश और जिला स्तरीय व्यापारी नेता शामिल होंगे, कार्यक्रम की संयोजिका प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला सुश्री अलीशा हुसैन सिद्दीकी व सहसयोजिका श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल वर्मा सभासद,नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा बिजनौर, श्रीमती शशि सेगर जिला अध्यक्ष बिजनौर, श्रीमती चिंकी गुप्ता क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा झालू मनोनीत की गयी है।

**11 विभूतियों को सम्मानित भी किया जायेगा**

संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही 11 विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा मुकुल अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मेलन केवल आयोजन भर नहीं है बल्कि यह एक महिला व्यापारी समाज की आवाज, संघर्ष, अधिकार एवं एकजुटता का प्रतीक है

# 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' आंदोलन का आग़ाज़

## किसानों से शपथ पत्र भरवा रही है यूनियन की टीम



**बिजनौर (चिंगारी)।** बजाज ग्रुप की बिलाई शुगर मिल से गन्ना भुगतान के मुद्दे पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' अभियान का आगाज कर दिया है। संगठन की टीमें गांव-गांव पहुंचकर किसानों को जागरूक करने के साथ बड़ी संख्या में शपथ पत्र भरवा रही हैं। किसान नेता दिगम्बर सिंह का कहना है कि किसानों में बिलाई चीनी मिल को लेकर नाराजगी है और किसान शपथ-पत्र भर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में पैहरुवाला, लाखुवाला, मलकपुर और डेहरी सहित कई गांवों में किसानों के बीच पहुंचकर अभियान चलाया गया। निपेंद्र ठाकरान, जितेंद्र सिंह, हरीराज सिंह, दयाराम सिंह, मनीष कुमार, लोकेश, संदीप त्यागी, केनी त्यागी, प्रदीप त्यागी, अक्षय, नरेश त्यागी, मनीष त्यागी, रामगोपाल, भूरे सिंह, गोधराम सिंह, अनिल कुमार, सुशील कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, कर्मेंद्र सिंह और मास्टर जगदीश सिंह सहित किसानों ने अभियान में सहभागिता की। किसान नेता दिगम्बर सिंह और जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि चीनी मिल किसानो भुगतान करने में रुला रही है, समय पर भुगतान नहीं कर रही है। उनका गन्ना देने के लिए किसान पर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। किसानों से प्राप्त शपथ पत्र जल्द जिलाधिकारी बिजनौर को सौंपे जाएंगे। वहीं हल्दौर क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह, जिला महामंत्री निर्तेंद्र प्रधान, हुकुम सिंह और तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह के नेतृत्व में कई टीमें गांव-गांव अभियान चला रही हैं।

# जब चुनाव आयेंगे, तब ठोकरें खायेंगे, वर्ना मौन।



**बिजनौर (चिंगारी)।** सामाजिक चिंतक क़ाज़ी ज़ियाउलरहमान ने गुलदार के बढ़ते आतंक पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इनके हमले रोज़ कहीं न कहीं हो रहे हैं, लेकिन राजनीतिक दल, सत्ता या विपक्ष के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। पहले विपक्ष इस तरह के ज्वलंत मुद्दों पर सवाल उठाता था, अब तो उत्तर प्रदेश में विपक्ष के नाम की चिड़िया रही नहीं। जब स्वर्गीय मुलायम सिंह नेता विरोधी दल थे, तब उनके विधायकों की संख्या इतनी भी नहीं थी, जितनी आज है, पर उनसे सरकार डरा करती थी। आज तो फोटो सत्र का युग है, जाना कहीं नहीं ट्वीट करेंगे, बस। जनता कितनी समस्याओं से जूझ रही है, इस बात से किसी नेता को कुछ लेना नहीं। जब चुनाव में दर-दर की ठोकरें खाएंगे, सड़कें, बिजली, अस्पताल, बाढ़, पुल सब याद आ जाएंगे। राजनीतिक दलों का अब केवल एक ही काम रह गया है। सत्ता में आएंगे तो खनन और ठेकों पर कब्ज़ा और जब सत्ता चली जाएगी तो खामोशी।

# प्रदेश मंत्री बने सुधीर भुइयार, स्वागत हुआ जोरदार



**नांगल सोती (चिंगारी)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रदेश मंत्री मनोनीत हुए सुधीर भुइयार का नांगल में पूर्व जिला मंत्री राजपाल सिंह के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल ने कहा कि सुधीर भुइयार का प्रदेश मंत्री बनना हम सबके लिये गौरवपूर्ण अनुभूति है। वे पार्टी के बेहद ऊर्जावान और समर्पित नेता हैं। उन्होंने कहा कि इस बार नजीबाबाद विधानसभा सीट को हर हाल में जीतना है।

स्वागत से अभिभूत प्रदेश मंत्री सुधीर भुइयार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये गये दायित्व का पूरी ऊर्जा और कर्मठता से निर्वहन करते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक, पार्टी के पूर्व जिला मंत्री राजपाल सिंह ने कहा कि सुधीर भुइयार के पिताजी स्व. दिलेराम सिंह ने क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने का काम किया था। अब सुधीर भुइयार के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यकर्ता पार्टी को नई मजबूती प्रदान करेंगे। पत्रकार रुकन राजपूत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता मा. रमेश सिंह, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, चौधरी योगेन्द्र सिंह, मनोज राणा, वीरेन्द्र शर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, ईशम सिंह, संदीप कुमार, देवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पाल,सुबोध वर्मा, गोपाल शर्मा, हरदयाल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर 37 हजार उड़ाये

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला मुफ्तीसराय निवासी इरम परवीन पुत्री नसीम अहमद एटीएम से पैसे निकालने के लिए एक्सिस बैंक गई थी। वहां पहले से ही 4 व्यक्ति खडे थे। इरम के अनुसार पैसे निकालने के लिए जैसे ही उसने मशीन में एटीएम लगाया, वह फंस गया, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने एटीएम कार्ड निकालते समय उसे बदल दिया। बाद में उसके बैंक अकाउंट से 37 हजार रुपए निकाल लिये गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# रेडक्रास सोसायटी ने ई-लोडर रिक्शा भेंट की



**बिजनौर (चिंगारी)।** चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ललिता चौधरी द्वारा महाविद्यालय के व चिकित्सालय के सामान को भण्डार से वार्ड तक, दवाओं को भण्डार से वितरण कक्ष तक लांड्री से बेड सीट ले जाने तथा अन्य कार्यो के लिए एक ई-लोडर रिक्शा की मांग की गई थी, जिसे रेडक्रास सोसायटी द्वारा शनिवार को पूरा कर दिया गया और सोसायटी की ओर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सचिव रेडक्रस सोसायटी डा कौशलेंद्र सिंह द्वारा ई-लोडर रिक्शा की चाबी प्राचार्या डॉ. ललिता चौधरी को भेंट की गई। प्राचार्या ललिता चौधरी द्वारा रेडक्रास सोसायटी बिजनौर का आभार व्यक्त किया गया तथा रेडक्रास सोसायटी के अनुरोध जिला चिकित्सालय में एक कमरा रेडक्रास सोसायटी को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर कोषाध्यक्ष डा सुबोध चन्द्र शर्मा मिडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह योगी, डायरेक्टर रोबिन चौधरी, डायरेक्टर डा. विशाल कुमार, डायरेक्टर सुनील कुमार, अनुज पाठक, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

# सौफतपुर में सर्वसम्मति से रामलीला कमेटी का गठन

**नांगल सोती (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर में हुई श्री आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक में शारदीय नवरात्रि में शुरू होने वाले रामलीला मंचन हेतु सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया।**

नई कमेटी में कपिल राणा को अध्यक्ष, वीरेन्द्र प्रजापति को उपाध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश सिंह को संयोजक, अरुण कुमार को सचिव , अश्यंत कुमार को कोषाध्यक्ष, गौरव राठी को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। दीपांशु सिंह और विशाल कश्यप को स्टेज इंचार्ज, नैपाल सिंह को ग्राउंड इंचार्ज और नौबहार सिंह एवं अवधेश चौधरी को उनका सहायक चुना गया। अर्जुन सिंह को पुन: मंच डायरेक्टर चुना गया तथा लेखपाल सिंह को उपडायरेक्टर चुना गया। रिंकू सिंह, ओमप्रकाश, दिलीप, खिलेन्द्र, नीरज शर्मा, विशाल शर्मा, अनुज कश्यप, रूपांशु, दीपू, चेलाराम, छोटेलाल शर्मा, मोहित, मिथुन, नितिन प्रजापति, दिनेश, डा. नीटू, आयुष, हनी राणा, अमित, भीमपाल, नकुल को सदस्य चुना गया। इसके अतिरिक्त विजयदशमी के जुलूस में शामिल रहने वाले श्री महावीर अखाड़े की कमेटी का भी गठन किया गया। विजय राणा को जुलूस के झांकी कार्यक्रम का संयोजक तथा अखाड़े के खलीफा अशोक कुमार को जुलूस का अध्यक्ष चुना गया। नवगठित समिति ने बताया कि सौफतपुर में पिछले 65 वर्षों से लगातार स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया जा रहा है। इस बार 66 वां रामलीला मंचन 10 अक्टूबर से आरम्भ होगा।

# यज्ञ और भंडारे के साथ, भागवत ज्ञान यज्ञ समाप्त



**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम खानपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन शुक्रवार को कथावाचक पं. राजू गौड़ ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, सुदामा-श्रीकृष्ण मिलन सहित कई कथाओं का वाचन किया। शनिवार को यज्ञ और भंडारे के आयोजन के साथ श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का विधिवत समापन हो गया।

शुक्रवार को भागवत कथा के श्रवण के लिये पहुंचे एमडीएस नजीबाबाद के प्रधानाचार्य अनिल कुमार योगी तथा प्राथमिक महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रचिता सिंह को कथा आयोजक केशव शरण तथा उनकी सहधर्मिणी वर्षा ने राधा-कृष्ण के चित्र भेंट करके सम्मानित किया। भागवत कथा पूर्ण होने पर शनिवार की सुबह कथास्थल पर यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसके मुख्य पुरोहित कथावाचक पं. राजू गौड़ रहे। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। कथा आयोजक, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने समस्त अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# वन्य जीव सप्ताह के अन्तर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

## 71 विद्यार्थियों ने लिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा

## कालागढ़ रेंज में संवेदनशील क्षेत्रों और यूपी सीमा तक हुई चेकिंग

## स्कूली बच्चों को मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व का संदेश



**अफजलगढ़/कालागढ़ (चिंगारी)।** वन्यप्राणी सप्ताह-2026 के तहत कालागढ़ रेंज एवं कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत 37 प्रशिक्षु वन आरक्षियों ने संयुक्त विशेष गश्त कर संवेदनशील क्षेत्रों और उत्तर प्रदेश सीमा की चेकिंग की। वहीं स्कूली विद्यार्थियों को मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षु वन आरक्षियों का गश्ती दल कालोनी गेट से खटपानी-धारा चौकी, संवेदनशील क्षेत्रों और यूपी सीमा बाउंड्री तक गश्त एवं चेकिंग करते हुए वापस मुख्यालय पहुंचा। गश्त के दौरान वन क्षेत्र की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया गया। प्रात: करीब 9 बजे कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के वनक्षेत्राधिकारी नंदकिशोर रूबाली और अन्य सदस्यों ने कालागढ़, भिक्कावाला, मुरलीवाला और अफजलगढ़ के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों व शिक्षकों का स्वागत किया। विद्यार्थियों को वन्यजीव सप्ताह के उद्देश्य और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व विषय पर चित्र बनाने तथा पारिस्थितिकी में हाथी के योगदान को समझने और उसका संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चे वन्यजीव संरक्षण के अच्छे संदेशवाहक बन सकते हैं और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। संकाय सदस्य अथहर महमूद सिद्दीकी ने मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के लाभ, वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान पर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने प्राकृतिक आवास के विनाश, शिकार, अवैध वन्यजीव व्यापार और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे विषयों पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 35 और निबंध प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों, यानी कुल 71 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, वन विभाग के कर्मचारियों और अन्य सहयोगियों ने भी सहभागिता की।

## घर में घुसते ही सांप ने काट लिया

**नूरपुर (चिंगारी)।** स्थानीय मोहल्ला रामनगर निवासी अशोक कुमार (40 वर्ष) शनिवार की रात समय करीब ग्यारह बजे घर के बाहर टहलने गए थे। लौटने पर जैसे ही वे घर के दरवाजे में घुसे उसी समय उन्हें सांप ने काट लिया।



जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार अशोक कुमार की हालत फिलहाल ठीक है।

## एमएलसी प्रत्याशी हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में हुई भाजपाइयों की बैठक

**शेरकोट (चिंगारी)।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक नगर के पीजेएम इंटर कॉलेज में हुई, जिसमें पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी हरि सिंह ढिल्लो को जिताने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि एमएलसी शिक्षक निर्वाचन चुनाव के जिला सहसंयोजक एवं सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के अध्यक्ष मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह रहे। अध्यक्षता कुंवर ठाकुर संजय गहलौत ने की, जबकि संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर चौहान ने किया। मुख्य अतिथि मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षक] समाज का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षक मतदाताओं से 23 अक्टूबर को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और



भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। बैठक में चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और मतदाताओं से संपर्क सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर सर्किल शेरकोट के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा ने मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह सहित अन्य अतिथियों का फूलमाला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मलखान सिंह, विनीत देवरा, राजीव राजपूत तथा पीजेएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार का भी स्वागत किया गया। बैठक में प्रदीप यादव, भाजपा मंडल महामंत्री शिवकुमार, शुभम बिडला, संजीव राजपूत, संजय प्रजापति, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## पेट्रोल पम्प पर देखकर सांप, लोग गये कांप

**नहटौर (चिंगारी)।** इंडियन पेट्रोल पंप पर अचानक कोबरा सांप निकल आया। सांप को देखते ही पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार की शाम को नहटौर में कोतवाली रोड स्थित पेट्रोल पंप परिसर में कोबरा सांप दिखने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना सर्प मित्र को दी गई। सर्प मित्र भास्कर मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सर्प मित्र भास्कर ने बिना किसी को नुकसान पहुंचाए काफी मशक्कत के बाद कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।

## लोगों में था हाहाकार, पिंजरे मे कैद हुआ गुलदार



**स्योहारा (चिंगारी)।** जनपद में गुलदारों के बढ़ते आंतक की बीच गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्र के गांव जयरामपुर के जंगलों मे लगातार गुलदार देखा जा रहा था। वन विभाग द्वारा शुक्रवार को जयरामपुर में पिंजरा लगाया गया। शनिवार की रात किसी समय गुलदार पिजरे मे कैद हो गया। खबर मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग का धन्यवाद किया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर विजय भारत का कहना है कि आलाधिकारियो के निर्देश पर कार्यवाही की जाएगी। जयरामपुर क्षेत्र में पुन: पिंजरा लगाया गया है जानकारी मिली थी कि कई गुलदार एक ही समय अलग अलग स्थानों पर देखे गये थे। वनविभाग ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चला रहा है।

## युवाओं ने दौड़ लगाई, पुरस्कार राशि पाई

**चांदपुर (चिंगारी)।** आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में फादरसन पब्लिक स्कूल में भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद आभा सिंह ने कबूतर उड़ाकर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई। प्रतियोगिता में ग्राम मंझोला के राम सिंह ने 4 मिनट 29 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम जलीलपुर के सनी कुमार ने 4 मिनट 32 सेकंड में




द्वितीय तथा ग्राम घनसूरपुर के लवी कुमार ने 4 मिनट 33 सेकंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: 21,000, 11,000 और 5,100 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप 1,100-1,100 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

### युवा नशे से दूर रहें -आभा सिंह

**आभा सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश और समाज का भविष्य हैं। उन्हें अपनी ऊर्जा गलत दिशा में लगाने के बजाय खेल, शिक्षा और समाजसेवा जैसे अच्छे कार्यों में लगानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से पूरी तरह दूर रहने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अपील की उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की भावना भी पैदा करता है। इसी उद्देश्य से युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए इस तरह के आयोजन लगातार किए जाने चाहिए।**

# एस. बी. कालेज ऑफ लॉ में धूमधाम से मनाया गया महापुरूषों का जन्मदिन

**बिजनौर (चिंगारी)।** एस बी कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनायी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से अवगत कराया गया और देश के लिए छात्र-छात्राओं के मन में देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत किया गया। कालेज के प्राचार्य डॉ. एस. एम. हसन ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके योगदान को बताया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से चैयरमेन डॉ. अशरफ



अली खान व श्री हस्सान पठान भी मौजूद रहे। डॉ. अशरफ अली खान ने सबको अहिंसा पर चलने का संदेश दिया और सभी का धन्यवाद किया।

## सूचना

यह कि मेरा पुत्र अतीक अहमद और उसकी पत्नी कैफिया निवासी ग्राम बहरामपुर बिजनौर बुरी संगत में पड़ गये है.जोकि काफी समय से अलग रहते है तथा उसका कोई भी समझाना नही मानते है, तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यो को तंग व परेशान करते रहते है। यह कि मैंने 03 अक्टूबर को खुब सोच समझकर पूरे होश व हवास मे अपने पुत्र अतीक अहमद और उसकी पत्नी कैफिया से अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद अतीक अहमद और उसकी पत्नी कैफिया कोई भी कृत्य या अपकृत्य करते है तो शपथकर्ता व उसके परिवार का कोई दायित्व नही होगा।

**- शकील अहमद पुत्र श्री बशीर अहमद, निवासी- ग्राम बल्दाना शफीपुर, थाना नूरपूर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

## सूचना

यह कि मेरा पुत्र आमिर खान आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम दरियापुर थाना नूरपुर जिला बिजनौर अव्यवहारिक है तथा गलत संगत में पड गया है जोकि काफी समय से प्रार्थी से अलग रहता है तथा उसका कोई भी समझाना नही मानता है। तथा प्रार्थी व उसके परिवार के अन्य सदस्यो को तंग व परेशान करता रहता है। यह कि मैंने 03/10/2026 को सोच समझकर पूरे होश व हवास में अपने पुत्र आमिर खान से अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।यह कि आज के बाद आमिर खान कोई भी कृत्य या अपकृत्य करता है तो उसके परिवार का कोई दायित्व नही होगा।

**- इस्तकार पुत्र श्री घसिटा, निवासी- ग्राम दरियापुर मोरना, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

चिंगारी खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

# चिल्ड्रन्स एकेडमी में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



चिल्ड्रन्स एकेडमी में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए

**नूरपुर (चिंगारी)।** यहां मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। अध्यापकों को गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को अपनाकर ही हम एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मंजू गोयल, रजनी देवी, राखी आर्य, निशा कुमारी, सविता रानी, ख्याति चौधरी, राशि शर्मा, शिवम त्यागी, विनीत कुमार, राहुल कुमार, राजीव कुमार आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं प्रबंधक डॉक्टर प्राज्ञ गोयल भी उपस्थित रहे।

# बिलाई शुगर मिल में श्रद्धापूर्वक मनायी गई गांधी जयंती

**हल्दौर (चिंगारी)।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर यूनिट बिलाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला माना, वहीं शास्त्री जी ने सादगी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इसी भावना के साथ हमें अपने घर के साथ-साथ अपने कारखाने और कार्यस्थल को भी स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छ कारखाना केवल सुंदर दिखाई नहीं देता, बल्कि इससे सुरक्षित कार्य वातावरण, बेहतर कार्य संस्कृति और उत्पादन क्षमता में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आइए, आज हम दृढ़ संकल्प लें—न गंदगी करेंगे, न करने देंगे; कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालेंगे, कार्यस्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखेंगे और अपने सहकर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यही 2 अक्टूबर के महापुरुषों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि और स्वच्छ, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में हमारा योगदान होगा।

# ब्लॉक कार्यालय पर मनाई गांधी जयंती



**हल्दौर (चिंगारी)।** ब्लॉक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा पूर्वक बनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह एवं बीडीओ सीपी पांडे ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने उनके आदर्शों पर चलने पर उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत संजीव कुमार सहित ब्लॉक कार्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# माया गुप्ता को सम्मानित किया



श्रीमती माया गुप्ता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते एसडीएम प्रशांत वर्मा

**चांदपुर (चिंगारी)।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रशांत वर्मा, तहसीलदार अमरपाल सिंह,नायब तहसीलदार, नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना, चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान के अलावा पंचायत विभाग से आये अधिकारियों ने स्वतंत्रता सेनानी महेश चन्द्र गुप्ता की 93 वर्षीय पत्नी श्रीमती माया गुप्ता को शाल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ व मिठाई देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती माया गुप्ता के पुत्र रंजन गुप्ता, राजीव लोचन व परिवार की महिलाए मौजूद रही।

# महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : साइम राजा



**किरतपुर (चिंगारी)।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक एवं मुस्लिम फंड बसी किरतपुर के अध्यक्ष जनाब मौहम्मद साईम राजा ने की। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। जनाब मौहम्मद साइम राजा ने कहा कि गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में प्रमुख नेता थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. बेगराज सिंह यादव, डॉ. शमशाद हुसैन, डॉ. अनुज कुमार राजपूत, डॉ. चारु बंसल, निखिल भटनागर, डॉ. अजय कुमार राणा, दानिश परवेज, उजमा परवीन, मौहम्मद निशात, बीरेंद्र सिंह, रिजवान खान, ईरम शाहिद, चित्रलेखा शर्मा, नीति सिरोही, नेहा राजपूत, निशा परवीन, अल्फिया, अब्दुल शाकिर, मौ. शाहरज़ा आदि रहे।

# प्रदेश सरकार सभी वर्गों पर है मेहरबान, सबका हो रहा उत्थान - साकेन्द्र प्रताप

## सेवा संकल्प अभियान एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**हल्दौर ( चिंगारी )**। ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय 'सेवा संकल्प अभियान एवं स्वास्थ्य मेले' का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगो को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृत पत्र सौंपे गये।

मुख्य अतिथि साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी नागरिक संबंधित विभागों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार सभी वर्गों के लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर हैं। मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 70 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां दी। वहीं मेले में पेंशन, कृषि, सेवायोजन, खाद्य एवं रसद, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचायती राज, समाज कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग समेत विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। स्टॉलों के माध्यम से लगभग 169 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, पात्रता शर्तों एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने लोगों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित विभाग से संपर्क करने की अपील की। मेले में बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया तथा पात्रों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की चाबी व स्वीकृति पत्र सौंपे गए। मेले में बीडीओ सीपी पांडे, ब्लॉक प्रमुख पुत्र राहुल चौधरी, एडीओ पंचायत संजीव कुमार, एडीओ समाज कल्याण रवि शर्मा, एडीओ एसटी अरेंद्र कुमार, सीडीपीओ हल्दौर पार्वती वर्मा, सीडीपीओ खारी-झालू हेमलता चौहान, शैलेंद्र चौहान, मनोज कुमार, हिमांशु चौधरी, पंकज कुमार, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहें।



मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते साकेंद्र प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख पुत्र राहुल चौधरी।

# सुभाष तोमर अध्यक्ष, वेदपाल सिंह महासचिव बने



## एबीपीएसएस ने नगर कमेटी घोषित की

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )**। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) ने अफजलगढ़ में नगर कमेटी का गठन कर सुभाष तोमर को अध्यक्ष और वेदपाल सिंह को महासचिव बनाया जबकि फिरोज बेग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। नगर स्थित डाक बंगले पर इसकी घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने तीनों पदाधिकारियों से शीघ्र ही कमेटी के विस्तार और संगठन एवं पत्रकारों के हितार्थ कार्य करने का आह्वान किया। स्थानीय पत्रकारों ने अतिथि पत्रकारों का स्वागत करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में हाशिम अहमद ने कहा कि संगठन पत्रकारों के हितार्थ सदैव संघर्षरत रहेगा और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने की मांग जारी रखेगा। कार्यक्रम को इकबाल अंसारी, सकाफत एस भारती, अजहान अंसारी, मनोज शर्मा, सपना वर्मा, शाही अराफात सैफी, रिहान अंसारी, नौशाद सैफी, मौ. सोहेल, वाजिद अंसारी, नदीम मलिक, मौ. दानिश, राजेंद्र चौहान, डॉ. ए.एच. साबरी आदि पत्रकारों ने भी संबोधित किया।




एस एम असलम को सम्मानित करती एबीपीएसएस।

# 'मीडिया गौरव' सम्मान से अलंकृत हुए एसएम असलम

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )**। 30 साल की पत्रकारिता के लंबे सफर में सराहनीय कार्यों के लिए अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) ने अफजलगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में कासमपुर गढ़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार एस एम असलम को मीडिया गौरव सम्मान से नवाजा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हाशिम ने कहा कि दौर-ए-हाजिर में अपने दामन को पाक साफ रखना बेहद सराहनीय है। अन्य वक्ताओं ने भी श्री असलम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सम्मान पाते समय एसएम असलम ने कहा कि हम बाबूसिंह चौहान द्वारा स्थापित पत्रकारिता की पाठशाला के विद्यार्थी हैं जहां आज भी मिशनरी पत्रकारिता जिंदा है।

# कार्यकर्ताओं में खुशी जागी, महासचिव बने एस के त्यागी

**चांदपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह, संगठन महासचिव उत्तर प्रदेश राजीव चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड क्षेत्र रामवीर सिंह की सहमति से वरिष्ठ नेता एसके त्यागी को रालोद का जिला महासचिव मनोनीत किया। उनके मनोयन से उनके समर्थकों में खुशी है। एसके त्यागी ने कहा कि वे पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीति एवं विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।**



एसके त्यागी

# होमगार्ड को दी भावभीनी विदाई



**नहटौर ( चिंगारी )**। नहटौर थाने में तैनात होमगार्ड रामचंद्र सिंह के सेवानिवृत्ति होने पर आयोजित विदाई समारोह में सभी जवानों ने उन्हें विदाई की। प्लाटून कमांडर सलीम अहमद, रविंद्र कुमार त्यागी, आशीष कुमार आदि ने होमगार्ड रामचंद्र सिंह के सेवाकाल की सराहना की। उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर होमगार्ड ओमेंद्र सिंह, रोहित कुमार, मुकेश कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हम भी स्कूल चले

शासन-प्रशासन के 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने के लिए स्कूल जाने की तैयारी में कवि हुक्का बिजनौरी का पौत्र एवं दर्पण जैन का पौने दो वर्ष का पुत्र



**कविश जैन ( लड्डू )**

# सच्चा सुख भगवान की भक्ति में - गोपाल गुरू जी

**खासपुरा ( चिंगारी )**। गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भी कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। वृंदावन से पहुंचे कथावाचक श्री गोपाल गुरु जी ने श्रीमद्भागवत कथा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चौथे दिन कथा में मनुष्य को मोह-माया का त्याग करने का संदेश दिया गया। कथावाचक श्री गोपाल गुरु जी ने कहा कि धन, संपत्ति और सांसारिक मोह क्षणिक हैं। सच्चा सुख भगवान की भक्ति और सादा जीवन में है। जो व्यक्ति मोह-माया से ऊपर उठकर धर्म के मार्ग पर चलता है, वही जीवन में वास्तविक शांति प्राप्त करता है। कथा के दौरान भगवान सुखदेव जी और श्रीकृष्ण जी के वार्तालाप सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि अहंकार का त्याग करने से ही मनुष्य भगवान की कृपा का पात्र बनता है। सरल एवं हास्यपूर्ण अंदाज में दिए गए धार्मिक संदेशों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग के लिए पैजानिया पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव तोमर तथा पत्रकार हरमन्दर सिंह को वृंदावन से पहुंचे कथा वाचक श्री गोपाल गुरूजी व मंदिर के वरिष्ठ पदाधिकारी




शुभम कर्णवाल, अनीता शर्मा अनीता शर्मा द्वारा धार्मिक पटका और राधा कृष्ण की फोटो देकर सम्मानित किया गया। कमेटी पदाधिकारियों ने दोनों का सम्मान करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के वरिष्ठ कार्यकर्ता वीर सिंह, शुभम कर्णवाल, अनीता शर्मा, सरोज देवी, प्रधानाचार्य निर्देश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पत्रकार गौरव गोयल के पिता के निधन पर सांसद चंद्रशेखर ने घर पहुंचकर जताई संवेदना

**छोटे भाइयों का हाथ बड़े भाई के हाथ में रखकर बोले- अब पिताजी वाला सम्मान बड़े भाई को देना, परिवार की एकता बनाए रखना**

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शनिवार दोपहर वरिष्ठ पत्रकार गौरव गोयल के वैष्णव विहार कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने गौरव गोयल के पिता स्वर्गीय विनोद कुमार गोयल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सांसद चंद्रशेखर ने गौरव गोयल और उनके भाइयों मोहित गोयल व हर्ष गोयल समेत परिवार के अन्य सदस्यों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने छोटे भाइयों का हाथ बड़े भाई मोहित गोयल के हाथ में रखते हुए कहा कि अब पिताजी वाला सम्मान बड़े भाई को देना और परिवार की एकता हमेशा कायम रखना। सांसद की इस आत्मीय पहल ने माहौल को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि पिता का जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन परिवार के सभी सदस्यों का एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़ा रहना ही दिवंगत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। करीब आधे घंटे तक परिवार के बीच बैठकर सांसद चंद्रशेखर ने दुख की इस घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया।



इस मौके पर गौरव गोयल के बड़े भाई मोहित गोयल, हर्ष गोयल, भाभियां श्वेता गोयल व मीनाक्षी गोयल, पत्नी ऋचा गोयल, उमंग गोयल, शुभ गोयल, युवा सर्राफ अविरल मित्तल भी मौजूद रहे। सांसद के साथ वरिष्ठ नेता रईस कुरैशी, दीपक कुमार सिंह, आरिफ मलिक, नगर अध्यक्ष शुएब अंसारी, परवेज पाशी भी मौजूद रहे।

# पिंजरे में कैद हुई पांच वर्षीय मादा गुलदार

**नगीना ( चिंगारी )।** आबादी के निकट बढ़ापुर मार्ग पर शनिवार को पिंजरे में करीब पांच वर्षीय मादा गुलदार कैद हो गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित कब्जे में ले लिया। वन रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि नगीना-बढ़ापुर मार्ग स्थित एक बैंक्विट हॉल के आसपास लोगों ने करीब एक सप्ताह पहले गुलदार देखे जाने की सूचना दी थी। इसके बाद वन विभाग ने 24 सितंबर को गुलदार को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगाया था।



पिंजरे में गुलदार को आकर्षित करने के लिए मुर्गा बंद किया गया था। शनिवार सुबह करीब नौ बजे वन विभाग को पिंजरे में गुलदार के कैद होने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो करीब पांच वर्षीय मादा गुलदार पिंजरे में कैद थी। रेंजर ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद गुलदार को जंगल या चिड़ियाघर भेजने की कार्रवाई की जाएगी। आबादी के नजदीक गुलदार की लगातार मौजूदगी से आसपास के लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। गुलदार के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

# चांदपुर में 10 को गाजे-बाजे के साथ, धूमधाम से निकलेगी राम बारात

**चांदपुर ( चिंगारी )।** रामसेवक मंडल रामलीला कमेटी चांदपुर के तत्वावधान में 10अक्टूबर की शाम को बिजनौर रोड स्थित देवी मंदिर से भगवान श्री राम की बारात बैंड-बाजे व झांकियों के साथ धूमधाम के साथ निकाली जाएगी, जिसके लिए तैयारियां की जा रही है। यह जानकारी देते हुए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता राकी व उपाध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि 7अक्टूबर को प्रात: 10बजे पूजा अर्चना के बाद ठाकुरद्वारा मंदिर से श्रृद्धाधा पूर्वक हनुमान जी का झंडा निकाला जाएगा। हनुमान जी के झंडे को रामलीला मैदान में ले जाकर स्थापित किया जाएगा।8अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू हो जाएगा।20अक्टूबर को दोपहर 2बजे से राम रावण युद्ध व उसके बाद रावण का वध का मंचन किया जाएगा।21अक्टूबर की शाम को भरत मिलाप व उसके बाद रामलीला मैदान में श्री राम का राज्य अभिषेक होगा।



### यह है रामलीला कमेटी

सर्वश्री राम अवतार बंसल, विजय कुमार चुनीन, राजकुमार अग्रवाल संरक्षक, राकेश कुमार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष, विकास गुप्ता राकी अध्यक्ष, अमित गोयल उपाध्यक्ष, राजकुमार बंसल महामंत्री, ब्रजेश कौशिक, सुधीर अग्रवाल व शैलेन्द्र सिंह बब्बू मंत्री, कृष्ण कुमार गर्ग रामदीन कोषाध्यक्ष, विश्वास गुप्ता आडिटर, नितिन बंसल,शुभम बंसल, प्रतीक अग्रवाल व अमन तायल संगठन मंत्री, सचिन बंसल, प्रचार मंत्री,प्रभात गुप्ता एडवोकेट कानूनी सलाहकार,स अच्छन सिंह लोहिया व्यवस्था अधिकारी, अनिल कुमार अग्रवाल,डा अनिल अरोड़ा, पवन कुमार अग्रवाल, धर्मेन्द्र अग्रवाल व दीपक मित्तल सह व्यवस्था अधिकारी,विनय कुमार अरोड़ा, अमित मित्तल, अनुराग अग्रवाल, विनोद कुमार मित्तल,संजीव यादव, सुबोध गुप्ता, डा भूपेन्द्र तोमर, मनमोहन गुप्ता,विमल कुमार अग्रवाल, विपुल तायल, विष्णु गोपाल अग्रवाल दीपू,अजय बंसल व विभोर मित्तल विशेष सलाहकार, मोहित बंसल, अर्पित अग्रवाल,अजय मित्तल, आयुष गुप्ता, मनोज शर्मा, प्रशांत तायल, मनोज कुमार चीकू व अर्पित भटनागर सदस्य हैं।

# यस बैंक की शाखा के 15 साल पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )।** यस बैंक शाखा के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों ने केक काटकर बैंक के कार्यों का वर्णन किया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक शादाब अहमद, उप शाखा प्रबंधक आशीष कुमार, बैंकर विशाल शर्मा एवं विपिन ने बैंक की विभिन्न सेवाओं एवं ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में शिखर शिशु सदन के प्रबंधक नरेंद्र कुमार गुप्ता, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एवं जेके टोटल वॉशिंग एंड क्लीनिंग सॉल्यूशंस के संचालक एस.पी. सलूजा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र कुमार अग्रवाल, शिखर शिशु सदन के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अधिवक्ता अमरजीत सिंह, अध्यक्ष गुरुसिंह सभा धामपुर, दिलशाद (सेठजी इंडस्ट्रीज), जितेंद्र सिंह, सचिव भावना खादी आश्रम सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# भवानीपुर में हुआ कबड्डी टूर्नामेंट



**चांदपुर ने मेरठ की टीम को 24-18 से हराया**

**चंदक ( चिंगारी )।** गांव भवानीपुर में चल रहे ढाका कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। चांदपुर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेरठ की टीम को 24-18 अंकों से हरा दिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ सेवानिवृत्त आईपीएस संसार सिंह और सपा नेता राहुल चौधरी ने किया। संसार सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रतियोगी को निखारने का मौका मिलता है। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले हाफ तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं, लेकिन दूसरे हाफ में चांदपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन रणनीति और दमदार प्रदर्शन से फाइल मैच अपने नाम कर लिया। दोनों टीमों को नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कबड्डी कमेटी में पंकज ढाका, पीयूष ढाका, रितुल ढाका, लवली ढाका, सुबोध ढाका, सत्यम ढाका, विकास, जोली, शिवम् ढाका व स्कोरर सार्थक ढाका, प्रीत ढाका रहे। क्षेत्रवासियों और गांववालों ने कबड्डी टूर्नामेंट का आनंद लिया।

# कुष्ठ आश्रम में फल वितरित किये

**बरेली ( चिंगारी )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रामगंगा कुष्ठ आश्रम में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान आश्रम के निवासियों को भोजन एवं फल का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रशासनिक सलाहकार ज़हीर अहमद ने बताया कि गांधी जयंती पर आयोजित होने वाला यह सेवा कार्यक्रम पिछले 20 से 25 वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है। वहीं, पूर्व एडीएम सिटी श्री के.एन. सहगल ने बताया कि इस समिति द्वारा सर्दियों के मौसम में कंबल और भोजन का वितरण भी किया जाता है। बैठक के दौरान सर्व सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। समिति के सदस्य सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हर वर्ष गरीब और असहाय लोगों को भोजन का वितरण किया जाता है, जो कि एक अत्यंत सराहनीय पहल है। इस अवसर पर ज्ञानी काले सिंह और शारिक अली ख़ान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों का दल 12 को आयेगा देहरादून

## डीएम ने अधिकारियों की बैठक में की निर्वाचन व्यवस्था की समीक्षा



ऋषिकेश/देहरादून (चिंगारी)। भारत निर्वाचन आयोग के उच्च अधिकारियों का दल आगामी 12 एवं 13 अक्टूबर को देहरादून का भ्रमण कर निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेगा। भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने निर्वाचन से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में उपलब्ध सभी विभागों के कार्मिकों का अद्यतन डेटाबेस शीघ्र तैयार किया जाए। निर्वाचन के लिए वेयरहाउस में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की स्थिति का आकलन करते हुए अतिरिक्त मशीनों की आवश्यकता का विवरण भी तैयार किया जाए। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को संवेदनशील एवं अति संवेदनशील सहित सभी मतदान केंद्रों की मैपिंग का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही विधानसभा निर्वाचन से संबंधित टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और आवश्यक समितियों का गठन शीघ्र करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को उपलब्ध सुरक्षा बलों का विवरण तैयार करने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा बलों की आवश्यकता का आकलन कर मांग प्रस्तुत करने को कहा।

### मतदान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

**जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रमों पर अभी से विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन तैयारियों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी केके मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन स्मृता परमार, सभी नोडल अधिकारी सभी उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।**

## राज्य निर्माण के शहीद आंदोलनकारियों को उत्तराखण्ड क्रान्तिदल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से झंडाचौक में 1994 में हुए मुजफ्फरनगर कांड में शहीद राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को याद करते हुए उनके चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर दिल्ली रैली में जाते समय एक अक्टूबर की अर्धरात्रि में मुजफ्फरनगर के समीप रामपुर तिराहे पर तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रैली में जा रहे आंदोलनकारियों के साथ जो बर्बर अत्याचार किया गया, वह राज्य की मांग का कलंकित इतिहास रहा है। कहा कि राष्ट्रीय दलों की सरकारों द्वारा 25 साल में बारी-बारी से राज करने के बाद भी सरकार की ओर से राज्य आंदोलनकारियों के पक्ष में अभी तक ठोस पैरवी नहीं की गई, जो आंदोलनकारियों के साथ अन्याय है। वहीं राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का प्रदेश भी अभी तक नहीं बन पाया है। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष को लगातार जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर दल के महानगर अध्यक्ष भारत मोहन काला, केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र सिंह रावत, केंद्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश भारद्वाज, केंद्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, केंद्रीय संगठन सचिव सत्यपाल नेगी, केंद्रीय प्रचार सचिव उमेद सिंह भंडारी व रविन्द्र सौंद व महानगर महामंत्री हरीश चन्द्र ध्यानी सहित दल के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पहाड़ की जनसमस्याओं का नहीं हो रहा समाधान उक्रांद इसके खिलाफ चलायेगी अभियान : मुकेश

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड क्रांति दल की रिखणीखाल इकाई के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर पहाड़ की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कहा कि राज्य गठन को लंबा समय बीतने के बावजूद पहाड़ की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं होने से पलायन लगातार बढ़ रहा है। इकाई के वरिष्ठ नेता मुकेश बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता रिखणीखाल के आठबाखल और अंदरगांव पहुंचे। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि अलग राज्य की लड़ाई बेहतर पहाड़ और स्थानीय लोगों के विकास की उम्मीद के साथ लड़ी गई थी। राज्य बनने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पहाड़ के कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, रोजगार के सीमित साधन और शिक्षा संबंधी समस्याएं लोगों के लिए चुनौती बनी हुई हैं। वहीं जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों की सुरक्षा भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए उक्रांद जल्द ही जन आंदोलन शुरू करेगा। इस दौरान दो अक्टूबर 1994 के रामपुर तिराहा कांड में शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर यतेंद्र देवरानी, प्रेम सिंह रावत, सुबोध रावत, रवींद्र नेगी और राहुल गुसाईं सहित स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

## क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया

कोटद्वार। खेल निदेशालय देहरादून के तत्वावधान व जिला खेल कार्यालय पौड़ी के सहयोग से गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर राजकीय स्टेडियम में ओपन व अंडर 16 बालक-बालिकाओं के लिए क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का आरंभ जे पी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैलाश कुकरेती व पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रकाश भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ ही खेलों में भी लगातार भाग लेने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात आयोजित क्रास कंट्री दौड़ के ओपन बालक वर्ग में प्रियांशु नेगी पहले, विजय दूसरे, आर्यन रावत तीसरे, गोलू चौथे, आकाश पांचवें व वंश छठे स्थान पर रहे। वहीं बालिका ओपन वर्ग में काजल पहले, मोनिका दूसरे, इशिका तीसरे, नव्या चौथे, खुशी पांचवें व सिद्धि छठे स्थान पर रहे। अंडर 16 बालक वर्ग में रोहित पहले, दीपक दूसरे, आशीष तीसरे, सूरज चौथे, अंश बिष्ट पांचवें व चेतन छठे स्थान पर रहे वहीं बालिका वर्ग में अंजलि ने पहला, अंकिता रावत ने दूसरा, सोनाक्षी ने तीसरा, निकिता ने चौथा, साक्षी ने पांचवां व नेहा ने छठवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी सहित स्टेडियम के सभी कोच व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से एक बालक की मौत, दूसरा घायल

**कोटद्वार (चिंगारी)। आज सुबह लगभग सात बजे घमंडपुर के जिगर गार्डन के निकट तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर एक बालक की मौत व दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार उमराव नगर कोटद्वार निवासी संदीप कुमार का पुत्र 10 वर्षीय वंश तथा 12 वर्षीय लक्ष्य पुत्र प्रदीप कुमार मॉर्निंग वॉक पर थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार संख्या यूके 07 4266 ने बच्चों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से 10 वर्षीय वंश की मृत्यु हो गई, जबकि लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कार चालक अभिषेक रावत को गिरफ्तार कर लिया है।**

## सीएम द्वारा जयपाल सिंह को सम्मानित करने पर हर्ष

कोटद्वार (चिंगारी)। भारतीय दलित साहित्य अकादमी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जयपाल सिंह को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए अकादमी के मंडलीय अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य ने बताया कि प्रो. जयपाल सिंह तीन दशक से अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष हैं व वंचित, शोषित व उपेक्षित समाज में शिक्षा, समता, सम्मान व स्वाभिमान का प्रकाश फैला रहे हैं। उनके इस योगदान को देखते हुए ही मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जो अकादमी के लिए हर्ष का विषय है। प्रो. जयपाल सिंह को सम्मानित किए जाने पर अकादमी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी सहित अकादमी से जुड़े लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता हो चुकी परेशान, पूरे जनपद में कांग्रेस 8 अक्टूबर तक चलायेगी अभियान

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने प्रेस-वार्ता की

कोटद्वार (चिंगारी)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा है कि कांग्रेस पूरे जिले में लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ, के नारों के साथ जनजागरण अभियान चलायेगी। कहा कि 2 अक्टूबर से इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है और 8 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जिले की विभिन्न विधानसभाओं में मार्च एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यालय मे प्रैस वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। भाजपा की सभी नीतियों पर जनता सवाल उठा रही है। इस क्रम में देश में मतदाता के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। एसआइआर को लेकर विपक्षी दलों ने निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता सूची में नामों के संबंध में आपत्तियां उठाई हैं। आरोप लगाया कि एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम प्रभावित हुए हैं और इससे मताधिकार को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं। मेयर शैलेंद्र रावत के कांग्रेस को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कोटद्वार में नगर निगम में भ्रष्टाचार, सड़क, यातायात व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, नालियों, जल निकासी और जलभराव सहित कई समस्याओं का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। मेयर को इन समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। जिले की प्रत्येक विधानसभा में कांग्रेस के ऐसे मजबूत कार्यकर्ता और नेता मौजूद हैं, जो वर्षों से कांग्रेस की विचारधारा के साथ जनता के बीच काम कर रहे हैं। इन सब प्रयासों का आगामी चुनावों में कांग्रेस को लाभ मिलने वाला है। इस अवसर पर जिला महासचिव राजीव कपूर व नीरज बहुगुणा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# डॉ. महमूद भोलू के नेतृत्व में सपा के पैदल मार्च के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव डॉ. महमूद अहमद भोलू के नेतृत्व में आज सुबह कस्बा जलालाबाद से काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी बिजनौर द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत वोट बचाओ देश बचाओ पैदल मार्च में भाग लेने के लिए बिजनौर रवाना हुए। इस मौके पर सपा नेता डॉ. महमूद भोलू ने कहा कि भाजपा सरकार के अंत का समय नजदीक आ गया है। आगामी 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी तथा अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। पैदल मार्च में मौ. अहसान प्रधान बौंरकी, मकसूद अहमद, असलम, महबूब अहमद, ताहिर, हबीब अहमद, नासिर, शरीफ अहमद, फुरकान अहमद, हरपाल सिंह, इंजीनियर बबलू, शमीम अहमद, इरफान अहमद, यूनुस अहमद, नसीम अहमद, फारूख, आलम, मुख्तार अहमद, अब्दुल गफ्फार, शमशुद्दीन, मौ. हारून ग्राम प्रधान जागीरम्पुरी, सरदार संदीप सिंह, जगजीत सिंह, फहीम शेख, अहसान प्रधान, सुनील पूर्व प्रधान, यासीन, हरपाल सिंह, यूनुस कुरैशी, अहसन अंसारी, अतीक राईन, वकील शेख, अब्दुल जब्बार, मौ. नाजिम, मौ. साजिद आदि शामिल रहे।

# नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने साहनपुर में की जनसभा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के चलते बीती रात कस्बा साहनपुर के जिम्मेदार लोगों के साथ एक जनसभा का आयोजन किया। कस्बावासियों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म का फूल मालाओं से स्वागत किया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने अपने आप को आजाद समाज पार्टी का विधानसभा 17 से 2027 के चुनाव का भावी उम्मीदवार बताया। साहनपुर के लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए चुनाव लड़ाने का वादा किया। लोगो ने कहा साहनपुर क्षेत्र में अब बदलाव की जरूरत है। सहल खान ने भी सभा में अपने विचार रखे। मीटिंग में सदर रशीद खलीफा, सहल खान, नासिर कुरैशी, विकार, शुऐब, सरताज राईन, फैजान, सरफ़राज़, इस्तेखार, सलीम, मोबीन, वाजिद, मजीद, राजा, आबिद, अनीस, सभासद मौ. अच्छन राईन, दानिश, नासिर, वसीम, अजमल, नसीम, माजिद, इब्राहिम, सनाउल्लाह, मोईन, शाहबाज, शाहरुख, सुहैल, सलमान, शानू आदि मौजूद रहे।



# एमडीकेवी की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज में गांधी व शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन ने ध्वजारोहण किया। छात्राओं कु. परी, कु. सुनैना, कु. कनिष्का, कु. दिव्यांशी, कु. कुमकुम ने सांस्कृतिक व देशभक्ति से परिपूर्ण रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।**

# मौहम्मद अली जौहर की छात्राओं ने भाषण, गीत व कविता प्रस्तुत की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम एड., प्रबंधक मौहम्मद यूनुस, मैनेजर मौ. असलम, मौ. अनवर, मौ. आबिद व समस्त कमेटी मैंबर्स ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा के द्वारा झंडा रोहण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीनियर वर्ग में युसरा, कुलसुम व जूनियर वर्ग में फातिमा, दिव्यानी, आयजा ने भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, रुकैया, शमा आदि का सहयोग रहा।

# सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हृदयानंद सार्वजनिक इण्टर कॉलेज झालू बिजनौर की कृषि भूमि की नीलामी दिनांक 07.10.2026 दिन बुधवार को की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शर्तों की जानकारी प्रातः 9 बजे से विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**-प्रसून चौधरी, प्रबंधक**
**हृदयानन्द सार्वजनिक इण्टर कॉलेज**
**झालू (बिजनौर)**

# पीस मॉडल स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने गांधी व शास्त्री के जय जवान जय किसान, कृष्ण भगवान, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, जवाहर लाल नेहरू आदि की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की, जिसमें आफिया परवीन प्रथम (क्वीन), नमन शर्मा द्वितीय (गांधी), बिलाल तृतीय (किसान), चतुर्थ समरीन (राधा) तथा आलिया (कृष्ण), अयान (जवान), अरहम (डॉक्टर), जोया (इंदिरा गांधी), (कायनात (राधा), इसरा (कृष्णा), हमज़ा (जवान), फरीहा (वेटर) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने गांधी एवं शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गोविंद सिंह कुशवाहा के संचालन में निशुपाल, रूपाली पाल, मंतशा परवीन ने श्रद्धांजलि अर्पित की।








